दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471




# अमन लेखनी



साई की एक्टिंग पर फिदा हुए दर्शक

दोबारा शुरू हुई ईथा की शूटिंग.....


वर्ष : 12 | अंक : 43 | लखनऊ, 04 फरवरी, बुधवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


## एनडीए संसदीय दल की बैठक में मोदी की नसीहत

# चुनावों में जीत से संतुष्ट न हों सांसद, जमीनी स्तर पर काम से मिलेगा मुकाम

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

संसद में बजट सत्र के बीच संसद परिसर में एनडीए सांसदों की बैठक हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एनडीए संसदीय दल की बैठक में पहुंचे, जहां उनका खास स्वागत किया गया। पीएम मोदी ने सभी सांसदों से सदन में मौजूद रहने और चर्चा में हिस्सा लेने के लिए कहा। पार्लियामेंट एनेक्सी बिल्डिंग में बैठक की पीएम मोदी ने अध्यक्षता की। अमेरिका-भारत व्यापार समझौते पर खुशी जाहिर करते हुए सत्र का फल बताया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता एक 'बड़ा निर्णय' है, जिससे देश में सभी को लाभ होगा, और उन्होंने जोर देकर कहा कि केंद्र सरकार हमेशा राष्ट्र के हित में काम करती है। गठबंधन सरकार के सांसदों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने एनडीए संसदीय दल की बैठक में ये टिप्पणियां कीं।

### ट्रेड डील पर पीएम मोदी ने जताई खुशी

अमेरिका-भारत व्यापार समझौते पर खुशी जाहिर कर सब का फल बताया



एनडीए संसदीय दल की बैठक में सहयोगी दलों के साथ प्रधानमंत्री मोदी

### बैठक के बाद रिजिजू ने दी जानकारी

पीएम मोदी ने कहा कि गठबंधनजन-हितैषी नीतियों और कड़ी मेहनत से चुनाव जीत रहा है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीए ने कहा कि उन्हें स्थानीय निकायों सहित चुनावों में अपनी जीत से संतुष्ट नहीं होना चाहिए, बल्कि अच्छा काम जारी रखना चाहिए।

### व्यापार समझौते पर पीएम मोदी को किया सम्मानित

पीएम मोदी को एनडीए नेताओं ने 39 देशों के साथ व्यापार समझौते सफलतापूर्वक पूरे करने के लिए सम्मानित किया। रिजिजू बताया कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौते पर सहमति बनने और टैरिफ घटाने से पूरे देश में उत्साह का माहौल है। सांसदों में इस बात को लेकर उत्साह है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ये व्यापार समझौते संपन्न हुए हैं। यह ऐतिहासिक है। ये सभी 39 देश विकसित देश हैं। रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों को अपने संसदीय और कल्याणकारी कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश दिए हैं।

### घटक दल के सांसद रहे मौजूद

बैठक में अध्यक्ष नितिन नवीन का भी औपचारिक रूप से स्वागत किया गया। बैठक में भाजपा, टीडीपी, जेडीयू, एलजेपी (आर), शिवसेना, जेडीएस और एनडीए के अन्य घटक दलों के सांसद बैठक में शामिल हुए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह भी थे।

विकसित भारत के लिए आत्मविश्वास जरूरी

## इसके सहारे असंभव को संभव बना सकेंगे

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के निर्माण में आत्मविश्वास की शक्ति पर बल देने वाला संस्कृत सुभाषितम साझा किया। आत्मविश्वास ही वह शक्ति है, जिसके सहारे असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के सपने को साकार करने में आत्मविश्वास की अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए एक प्रेरक संस्कृत सुभाषितम साझा किया। उन्होंने कहा कि इसके सहारे असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है।

### ये श्लोक लिखा

प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए संस्कृत सुभाषितम-
श्रीर्मङ्गलात्प्रभवति
प्रागल्भ्यात्सम्प्रवर्धते। दाक्ष्यात्तु
कुरुते मूलं संयमात्प्रतितिष्ठति॥
इसमें आत्मविश्वास, दक्षता और संयम को आधार बताया गया है।

## खबर संक्षेप

### अनंत जेल से सीधे पहुंचे बिहार विधानसभा

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के ठीक पहले प्रचार के दौरान एक प्रत्याशी के करीबी की



हुई हत्या के मामले में आरोपी अनंत सिंह ने मंगलवार को बजट सत्र के दौरान विधानसभा सदस्यता की शपथ ली। वे अनोखे अंदाज में थे। कभी घोड़ों तो कभी बोली के कारण वायरल रहे बाहुबली ने बेउर जेल से बिहार विधानसभा का सफर किया।

### क्वानू के पास खड्ड में गिरी बस, 4 की मौत

क्वानू। हिमाचल पथ परिवहन निगम(एचआरटीसी) के नेरवा डिपो की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई



है। हादसे में 4 लोगों की मौत की सूचना है। 33 यात्री घायल बताए जा रहे हैं। मंगलवार सुबह 9:30 नेरवा से पांवटा साहिब जा रही एचआरटीसी बस संख्या एचपी66 ए 2588 हरिपुर-कोटी-मीनस मार्ग पर क्वानू के पास नीचे शूदोई खड्ड में गिर गई। बस में 37 लोग थे।

### दो विमान के विंग्स टकराए कोई घायल नहीं

मुंबई। मुंबई एयरपोर्ट पर मंगलवार शाम करीब 7:30 बजे एअर इंडिया और इंडिगो के दो विमानों की विंग्स



आपस में टकरा गए। घटना के समय दोनों विमानों में यात्री सवार थे। हालांकि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। सभी यात्रियों को विमान से उतार लिया गया। फ्लाइट एआई2732 मुंबई से कोयंबटूर जाने के लिए टेकऑफ से पहले टैक्सीवे पर खड़ी थी।

### बंगाल के कोलकाता में भूकंप के झटके

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं।



कोलकाता, बांग्लादेश सहित बंगाल के कई इलाकों में भूकंप के झटकों की खबर है।

## लोकसभा में राहुल गांधी की बात पर सियासी तकरार बढ़ी

# संसद में दूसरे दिन भी विपक्ष चीन मुद्दे पर अड़ा नारेबाजी और सभी ने जमकर हंगामा किया

### भारत-आमेरिका ट्रेड डील पर विपक्ष की बयानबाजी से नहीं चली संसद



संसद के बाहर नारेबाजी और हंगामे का नजारा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

संसद के बजट सत्र के पांचवें दिन भी सदन में जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी मंगलवार )अपने संबोधन के दूसरे दिन भी चीन के मुद्दे पर अड़े रहे, जिसे विपक्ष का भरपूर समर्थन मिला, जिसके बाद हंगामा बरपा और लोकसभा की कार्यवाही स्थगित की गई। दरअसल, स्पीकर ओम बिरला ने उनको कई बार रोका, साथ ही सत्ता पक्ष ने भी लगातार आपत्ति जताने के बाद ऐसे में संसद के अंदर हंगामा शुरू हो गया और फिर लोकसभा अध्यक्ष ने दूसरे सदस्यों को बोलने के लिए आमंत्रित किया। इसके बाद सदन में विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी और सदन की कार्यवाही फिर बाधित हो गई।

### पूरे विपक्ष को बोलने का मौका दिया जाए

संसद में हुए हंगामे को लेकर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि देश में लोकतंत्र है और लोकतंत्र में सभी को बोलने की इजाजत होनी चाहिए और सभी की बात सुननी चाहिए। वहीं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू की आपत्ति के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि सदन को चलाए।

**विपक्ष ने ट्रेड डील पर सरकार को घेरने की कोशिश की**

### समझौता अडाणी को बचाने के लिए: राउत

व्यापार समझौता पर शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा कि पूरा विपक्ष



राज्यसभा से वॉकआउट कर गया। राष्ट्रीय हित और किसान हितों से समझौता किया गया। यह ट्रेड डील गौतम अडाणी को बचाने के लिए की गई है और हम सड़क से लेकर संसद तक इसका विरोध करेंगे।

### सरकार को उनका जवाब देना चाहिए: गुरजीत

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुलके संसद में दिए गए बयान पर कांग्रेस सांसद गुरजीत



सिंह औजला ने कहा कि पूरे देश के सामने जो मुद्दे हैं, उन्हें उठाना विपक्ष का फर्ज है। संसद इसी के लिए है, और सरकार को आकर उनका जवाब देना चाहिए। लेकिन वे कह रहे हैं कि आप कोई किताब नहीं दिखा सकते।

### अब भारत की स्वायत्तता कहां गई? मनीष तिवारी

कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने ट्रंप की ट्रुथ पोस्ट को एक्स पर शेयर करते हुए लिखा है



कि रूसी तेल की खरीद बंद। अमेरिकी निर्यात पर टैरिफ नहीं। भारत के निर्यात पर 18 फीसदी टैरिफ। आयात करेगा। भारत की रणनीतिक स्वायत्तता कहां गई? अब अमेरिका बड़ा व्यापार करेगा।

### भारत को मजबूर किया जा रहा: वेणुगोपाल

कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि ट्रेड डील पूरी तरह सरेंडर का मामला



है। भारत टैरिफ घटाकर जीरो कर देगा, जबकि अमेरिका भारत में बने प्रोडक्ट्स पर 18% टैरिफ लगाएगा। भारत पर दबाव डालकर उसे अपनी पूरी एनर्जी निर्भरता बदलने के लिए मजबूर कर रहा है।



### लोगों में खुशी का माहौल: राजीव रंजन

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन ने कहा कि अमेरिका का बाजार हमारे उत्पादों के लिए बहुत ही सुगम व्यापार था। हमारा पूरा निर्यात अमेरिका के बाजारों पर निर्भर था। सबसे बड़ा लाभ हमारे विभाग के मत्स्य पालन से है। इससे हमारे निर्यातकों और देश के लोगों में खुशी का माहौल है।

## फैसलों में देरी पर सीजेआई भड़के

# यह न्याय व्यवस्था के लिए बीमारी, अब इलाज जरूरी

हाईकोर्ट्स में फैसले सुनाने और उन्हें सार्वजनिक करने में हो रही देरी पर दो टूक



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट्स में फैसले सुनाने और उन्हें सार्वजनिक करने में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा है कि यह न्याय व्यवस्था की एक पहचान योग्य बीमारी बन चुकी है, जिसे अब जड़ से खत्म करना जरूरी है।

- अदालतों में महीनों बाद भी फैसलों को अपलोड नहीं किया जा रहा

अदालत ने साफ शब्दों में कहा कि समय पर न्याय न मिलना, न्याय से वंचित किए जाने जैसा ही है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ झारखंड हाईकोर्ट से जुड़े एक मामले की सुनवाई कर रही थी। याचिका में कहा गया था कि हाईकोर्ट ने 4 दिसंबर 2025 को याचिका खारिज करने का मौखिक आदेश तो सुना दिया, लेकिन महीनों बाद भी उसका लिखित फैसला अपलोड नहीं किया गया।

### ऐसी देरी का कोई तर्क नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की ओर से पेश वकील से कहा कि इस तरह की देरी का कोई औचित्य नहीं है और निर्देश दिया कि पूरा फैसला अगले सप्ताह के अंत तक संबंधित वकील को उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, मामले को फरवरी 16 से शुरू होने वाले सप्ताह में फिर सूचीबद्ध करने का आदेश दिया गया।

### इसे नजरअंदाज नहीं कर सकते: सीजेआई

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायपालिका के भीतर इस समस्या को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि कुछ जज बेहद मेहनती होते हैं, कई मामलों की सुनवाई कर फैसले सुरक्षित रखते हैं, लेकिन फिर लंबे समय तक निर्णय नहीं देते। यह व्यक्तिगत आरोप नहीं है, बल्कि पूरी न्यायपालिका के सामने एक चुनौती है। यह बीमारी है और इसे फैलने नहीं दिया जा सकता।सीजेआई ने यह भी चिंता जताई कि कई मामलों में बहस पूरी होने के बाद भी केस को बार-बार आगे के निर्देशों के लिए सूचीबद्ध किया जाता है, जिससे अनावश्यक मुकदमेबाजी बढ़ती है। सीजेआई ने अपने अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि हाईकोर्ट जज के रूप में अपने 15 वर्षों के कार्यकाल में मैंने कभी भी ऐसा नहीं किया कि फैसला सुरक्षित रखा हो और तीन महीने के भीतर सुनाया न हो।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा सवाल

# सुप्रीम कोर्ट के बैन के बाद भी क्यों की जा रही बुलडोजर कार्रवाई?

उत्तर प्रदेश के मामले पर उठाए सवाल

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

उत्तर प्रदेश में कथित बुलडोजर कार्रवाई को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है।



मंगलवार को एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा नवंबर 2024 में बुलडोजर जस्टिस पर रोक लगाए जाने के बावजूद राज्य में दंडात्मक ध्वस्तीकरण की घटनाएं जारी हैं, जो कानून के शासन पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। हाईकोर्ट में जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की डबल बेंच ने फैमुद्दीन और दो अन्य की याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने यूपी में इमारतों को गिराने की दंडात्मक कार्रवाई जारी रहने तल्ख टिप्पणी करते हुए ये बात कही है।

### इसे कार्य पालिका के विवेकाधिकार का 'रंगीन दुरुपयोग' बताया

हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति श्रीधरन और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ की दो सदस्यीय पीठ ने इस मामले में टिप्पणी करते हुए पूछा कि क्या किसी अपराध के दर्ज होते ही किसी ढांचे को गिराना कार्य पालिका के विवेकाधिकार का 'रंगीन दुरुपयोग' नहीं है?पीठ ने कहा कि अदालत के संज्ञान में ऐसे कई मामले आए हैं, जहां एफआईआर दर्ज होने के तुरंत बाद ही संबंधित लोगों को ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी कर दिया गया, और औपचारिक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने का दिखावा करते हुए उनके घर या व्यावसायिक संपत्तियां गिरा दी गईं।

## दिल्ली में होली व दिवाली पर मिलेगा मुफ्त गैस सिलेंडर



सीएम रेखा गुप्ता ने इसे ऐतिहासिक बताया

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने लोगों को बड़ी राहत देते हुए मंगलवार को एक बड़ा ऐलान किया। सीएम रेखा गुप्ता ने राजधानी के गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को त्योहारों से पहले मुफ्त गैस सिलेंडर योजना को मंजूरी दे दी है। गुप्ता ने इसे दिल्ली के परिवारों के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह जन-कल्याणकारी सोच है।

## बर्फ से गाड़ियां हो रहीं 'लुप्त'



अनंतनाग। अनंतनाग जिले के पहलगाम में सर्दियों के दौरान हुई ताजा बर्फबारी के बाद खड़ी गाड़ियां मोटी बर्फ से ढंक गईं।

# अजय राय के खिलाफ सड़कों पर फूटा सरोजनीनगर का जनाक्रोश, पुतला दहन कर जताया प्रचंड विरोध

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ सड़कों पर उतरी सरोजनीनगर की जनता, राजेश्वर सिंह पर दिया था विवादित बयान

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सुर्खियों की सस्ती राजनीति और स्तरहीन बयानों के लिए कुख्यात कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का एक और दांव इस बार उल्टा पड़ गया। सरोजनीनगर के लोकप्रिय विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह पर रविवार को की गई उनकी अमर्यादित और ओछी टिप्पणी ने पूरे क्षेत्र की जनता के आत्मसम्मान को ठेस पहुँचाई, जिसका मुँहतोड़ जवाब भाजपा कार्यकताओं, समर्थकों और आम नागरिकों ने उन्हें उन्हीं की भाषा में दे दिया। मंगलवार को सरोजनीनगर की सड़कों पर जनाक्रोश का विस्फोट देखने को मिला। 5,000 से अधिक नागरिकों, भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों ने एकजुट होकर अजय राय का पुतला दहन किया, हाथों में पोस्टर-बैनर लेकर जोरदार प्रदर्शन किया और साफ शब्दों में सार्वजनिक माफी की मांग की। हर ओर गगनचुंबी नारे गूंजते रहे– ह्लअजय राय होश में आओह्व, ह्लराहुल गांधीझकांग्रेस पार्टी मुदार्बादह्व, ह्लअजय राय मुदार्बादह्व। डॉ. राजेश्वर सिंह के समर्थन में एकत्रित हजारों की तादाद में जनसमूह ने पुलिस को ज्ञापन सौंपते हुए अजय राय के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग भी की। लोगों ने कहा कि डॉ. राजेश्वर सिंह की ईमानदार छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से ऐसे निराधार आरोप लगाए जा रहे हैं। समर्थकों ने चेतावनी दी कि यदि सार्वजनिक माफी नहीं मिली, तो आंदोलन और भी तेज किया जाएगा। कड़कड़ाती ठंड और बारिश भी जनसैलाब के हौसले नहीं तोड़ सकी। लोगों ने शहीद पथ मोड़ से होटल हॉलिडे इन तक मार्च निकाला और कांग्रेस पार्टी व अजय राय के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आक्रोशित जनसमूह ने कांग्रेस के काले अध्यायों



को जनता के सामने रखा। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि सत्ता-लोलुपता में डूबे अजय राय का राजनीतिक इतिहास अवसरवाद से भरा रहा है—कभी सपा, कभी भाजपा, लेकिन हर बार चुनावी असफलता ही हाथ लगी। इसी कुंठा में वे ईमानदार और विजनरी नेताओं पर टिप्पणी कर चर्चा में बने रहना चाहते हैं। बड़ी संख्या में एकत्रित जनसमूह ने एक स्वर में कहा कि डॉ. राजेश्वर सिंह की ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और बेदाग छवि से घबराकर ऐसे निम्नस्तरीय और निराधार आरोप गढ़े जा रहे हैं। अपने राजनीतिक जीवन में अवसरवाद की राजनीति करने वाले अजय राय, जो कभी सपा तो कभी भाजपा की दहलीज पर रहे, आज भी जनसमर्थन के अभाव में सस्ती बयानबाजी से चर्चा बटोरना चाहते हैं। जनता ने यह भी याद दिलाया कि डॉ. राजेश्वर सिंह ने पुलिस और प्रवर्तन निदेशालय में रहते हुए अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की थी, जिसमें कांग्रेस के कई बड़े चेहरों पर कानूनी शिकंजा कसा गया। उसी कार्रवाई की टीस आज अजय राय की बदजुबानी में झलकती है। लोगों ने स्पष्ट किया कि सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह न केवल क्षेत्र, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक आदर्श जनप्रतिनिधि हैं। सम्मानित जननेता के खिलाफ अपमानजनक राजनीति अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ईमानदारी, सेवा और विजन के साथ खड़े नेता पर हमला पूरे क्षेत्र के सम्मान पर हमला माना जाएगा। जनता ने चेतावनी दी कि यदि अजय राय शीघ्र सार्वजनिक माफी नहीं मांगते, तो यह आंदोलन और अधिक व्यापक एवं निर्णायक रूप लेगा। इस विशाल जन आक्रोश प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेता शंकरी सिंह, राजेश सिंह, रमा शंकर त्रिपाठी, कर्नल दयाशंकर दुबे, गणेश जोशी, रंजीत रावत (चेयरमैन बंथरा), सुनील रावत (ब्लॉक प्रमुख), पार्षद के एन सिंह, पार्षद लवकुश रावत, पार्षद द्रोपती रावत, संजीव मिश्रा फंटन, रमापति तिवारी, मनीष शुक्ला, पंकज त्रिपाठी, सिद्धांत तिवारी, राहुल मिश्रा, सरभजीत सिंह, हेमंत पांडे, मंडल अध्यक्ष विवेक राजपूत, मंडल अध्यक्ष के के श्रीवास्तव, अरविंद चौबे, मनीष द्विवेदी, प्रदीप सिंह (पूर्व एमएलसी), जितेंद्र सिंह, राजेश चौधरी, सत्येंद्र कुमार, आशू दीक्षित, आशू शुक्ला, पार्षद कमलेश सिंह, नितिन सिघल, मधु चौरसिया, अर्चना गौतम, प्रियंका सिंह, कुश्मा रावत, ममता रावत, उषा रावत, बबलेश यादव, सुमन रावत, अल्पना गौतम, अर्चना सिंह, रीतू सिंह, ज्ञानवती चौरसिया, माधवी देवी, अर्चना बोरा, आरती भास्कर, मंजू ओझा, रश्मि सिंह, नीता दीक्षित, रीना उपाध्याय, रीना त्रिपाठी, बबीता सिंह, आराधना पांडे, सुधा काला, अनीता त्रिपाठी, अर्पणा भारती, बीना, रेनू सिंह (जिला मंत्री), साधना गुप्ता, पूजा सिंह, साधना सिंह, हेमावती सिंह, उर्मिला सिंह, कांति पांडे, सीमा यादव, रीतू चौहान, उर्मिला रावत, अनीता रावत, उत्सव सिंह, कुशाग्र सिंह, रणंजय सिंह, मुकेश यादव, वीरू सिंह, रामकिशोर विश्वकर्मा, बंदे सिंह, अजय यादव, मुन्ना खान, शेर अली खान, शिवेंद्र शाही, बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता समेत हजारों की संख्या में क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

## संक्षेप

### मछली मंडी के पास ई रिक्शा चोरी ,अंडा लेने गया था चालक

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई थाना क्षेत्र में ई-रिक्शा चोरी का मामला सामने आया है। तेलीबाग स्थित मछली मंडी के पास खड़ा एक ई-रिक्शा अज्ञात चोर उठा ले गए। पीड़ित ने काफी तलाश के बाद पीजीआई थाने में तहरीर दी । देवी खेड़ा, हनुमान मंदिर के पास, तेलीबाग निवासी विनय कुमार गौतम पुत्र स्व. अनिल कुमार गौतम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका सफेद रंग का ई-रिक्शा 26 जनवरी 2026 की रात करीब 9:30 बजे मछली मंडी के पास खड़ा था। वह पास की दुकान पर अंडा लेने गए थे, इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ई-रिक्शा चोरी कर ले गया। पीड़ित ने बताया कि ई-रिक्शा अभी ईएमआई पर है और लगभग 9 माह पुराना है। काफी खोजबीन के बाद भी वाहन का कोई सुराग नहीं लग सका है। इसके बाद उन्होंने 3 फरवरी 2026 को पीजीआई थाने में लिखित शिकायत देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि चोरी करने वाले की पहचान की जा सके।

### आशियाना मे ई रिक्शा चोरी, FIR दर्ज

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके मे घूम रहे चोरों ने बीते एक सप्ताह पूर्व थाना क्षेत्र स्थित पावर हाउस पेट्रोल पंप के पास खड़ा ई रिक्शा पार कर दिया और मौके से फरार हो गए।आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर एम1 निवासी सत्येन्द्र रावत, पुत्र पुत्ती लाल के अनुसार वह बीते 25 जनवरी की रात्रि करीब नौ बजे अपना बैटरी रिक्शा संख्या यूपी 32 क्यू एन 3605 लेकर थाना क्षेत्र स्थित पावर हाउस स्थित पेट्रोल पंप के पास लेकर गए थे जहाँ उन्होंने अपने उक्त ई रिक्शा को खड़ा किया था। जिसे चोरों ने पार कर दिया। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने स्थानीय आशियाना थाने मे पुलिस से लिखित शिकायत की। पुलिस के अनुसार पीडित की शिकायत पर जाँच के बाद सोमवार को FIR दर्ज की गई है चोरों की तलाश जारी है।

# संदिग्ध हालात में व्यापारी लापता, गुमशुदगी दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। हरदोई गल्ला मंडी से रुपये लेने निकले एक गल्ला व्यापारी के संदिग्ध हालात में लापता हो जाने से परिवार में हड़कंप मच गया है। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर व्यापारी की तलाश तेज कर दी है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम जमुलिया निवासी सुरेंद्र कुमार (39) पेशे से गल्ला व्यापारी हैं। उनके परिवार में पत्नी रीना और तीन पुत्र अतुल, मान व कृष्णा हैं। परिजनों के अनुसार, सुरेंद्र कुमार बीते रविवार सुबह करीब दस बजे हरदोई गल्ला मंडी के लिए घर से निकले थे। उन्होंने गुरुवार को मंडी में धान बेचा था, जिसकी रकम व्यापारी द्वारा बाद में देने की बात कही गई थी। इसी सिलसिले में वह रुपये लेने गए थे। देर शाम तक जब सुरेंद्र घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनके मोबाइल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन बंद मिला। रात बढ़ने के साथ परिजनों की चिंता गहराती गई और अनहोनी की आशंका जताई जाने लगी। आसपास और रिश्तेदारों के



गुमशुदा सुरेंद्र – फोटो

यहां तलाश के बावजूद कोई सुराग नहीं मिल सका। आखिरकार, व्यापारी के पिता राम गोपाल ने रहीमाबाद थाने पहुंचकर बेटे के लापता होने की तहरीर दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि लापता व्यापारी की तलाश की जा रही है। जांच के दौरान पुलिस को सुरेंद्र कुमार की अंतिम लोकेशन बरेली रेलवे स्टेशन की मिली है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। व्यापारी के अचानक लापता होने से न सिर्फ परिवार बल्कि क्षेत्र के व्यापारियों में भी चिंता का माहौल है। पुलिस का कहना है कि सभी संभावित बिंदुओं पर जांच की जा रही है

# स्वर्णिम इतिहास का साक्षी है बलरामपुर चिकित्सालयः ब्रजेश पाठक

**कहा, बलरामपुर चिकित्सालय में सभी को मिल रहा अत्याधुनिक उपचार**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ 04 फरवरी । बलरामपुर चिकित्सालय स्वर्णिम इतिहास का साक्षी है। यह चिकित्सालय 157 वर्षों के इतिहास को खुद में समेटे हुए है। यहां अभी का अत्याधुनिक तरीके से उपचार होता है। यह कहना है प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का। उन्होंने बलरामपुर चिकित्सालय परिसर में डायलिसिस यूनिट, सोलर पैनल एवं वार्ड 11 में नवीन लिफ्ट का लोकार्पण भी किया। मंगलवार को बलरामपुर चिकित्सालय के 157वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि यह चिकित्सालय न केवल उत्तम चिकित्सा सेवाएं प्रदान करता है, बल्कि नर्सिंग और अन्य चिकित्सा पाठ्यक्रमों के लिए भी एक प्रमुख व उत्कृष्ट केंद्र के रूप में चिकित्सा शिक्षा प्रदान करता है। चिकित्सालय ने काफी उतार-चढ़ाव देखे हैं। उपमुख्यमंत्री ने



कहा कि यहां पूर्व प्रधानमंत्री, अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व मुख्यमंत्री रामप्रकाश गुप्ता सहित तमाम हस्तियों का इलाज हुआ है। यहां के चिकित्सक 157 वर्षों के स्वर्णिम इतिहास को आगे बढ़ाने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को लगातार अपग्रेड किया जा रहा है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि चिकित्सालय में टीम भावना के साथ काम होता है। यहां चिकित्सक हर मरीज को अपने परिवार का हिस्सा मान कर कार्य करते हैं। इस अवसर पर राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, महानिदेशक, परिवार कल्याण डॉ. पवन कुमार अरुण, महानिदेशक, प्रशिक्षण डॉ. एचडी अग्रवाल, निदेशक, बलरामपुर चिकित्सालय डॉ. कविता आर्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ डॉ. एनबी सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, बलरामपुर चिकित्सालय डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी, चिकित्सा अधीक्षक, बलरामपुर चिकित्सालय डॉ. देवाशीष शुक्ला, निदेशक, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल डॉ. कजली गुप्ता, मेडिकल सुपरिटेंडेंट, लोकबंधु श्रीराज नारायण संयुक्त चिकित्सालय डॉ. एएस त्रिपाठी एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# हजारों लोगों के आवागमन का रास्ता हुआ जर्जर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा किस प्रकार बह रही है, इसका सजीव उदाहरण सहिजनपुर क्रॉसिंग से सहिजनपुर गांव तक जाने वाली सड़क है। लगभग एक किलोमीटर लंबी यह सड़क पूरी तरह जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है। जगह-जगह गहरे गड्ढे होने के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह सड़क केवल एक उदाहरण भर नहीं है, बल्कि क्षेत्र की कई अन्य सड़कें भी इसी बदहाल स्थिति में हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी आंखें मूंदे बैठे नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भाजपा के जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकताएं अब विकास कार्य नहीं, बल्कि केवल दिखावे तक सीमित रह गई हैं। वहीं लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारी मानो कुंभकरणी नींद में सोए हुए हैं। न तो जमीनी हकीकत पर ध्यान दिया जा रहा है और न ही सरकार



के निर्देशों का पालन हो रहा है। लगभग सभी संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय जनता का कहना है कि यदि जनप्रतिनिधि समय रहते जागरूक और संवेदनशील होते, तो क्षेत्र की सड़कों की यह दुर्दशा कभी न होती। अब देखना यह है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि कब नींद से जागते हैं और कब क्षेत्रवासियों को इस बदहाली से राहत मिलती है।

# सेना से रिटायर्ड जवान ने निजी कम्पनी के संचालक सहित सहयोगियों पर लगाया ठगी का आरोप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली मे एक सेना से रिटायर्ड जवान ने निजी कम्पनी के संचालक सहित सहयोगियों पर ठगी का आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।मूल रूप से फतेहपुर निवासी श्रीराम शुक्ल के अनुसार वह इंडियन आर्मी में रिटायर्ड कर्मचारी है और लखनऊ में पोस्टेड है। उन्होंने धारा ग्रीन इनफ्राटेच नामक कंपनी में जनवरी वर्ष 2024 से जून 2024 के बीच 58 लाख रुपये निवेश किए थे। आरोप है कि कंपनी के संचालक प्रशांत सोनी, अभिषेक और रिटायर्ड सूबेदार सुभाष ने उन्हें प्रति माह 7.5% रिटर्न का वादा किया था और दो साल बाद डिपाजेट अमाउंट वापस करने की बात कही थी। लेकिन जब उन्होंने पैसे वापस मांगे, तो कंपनी के लोगों ने टाल मटोल करने के बाद उन्हें धमकी देने लगे कि पैसे भूल जाओ वरना जान से मार दिया जाएगा। वही पीडित जवान श्रीराम शुक्ल ने बताया कि उन्होंने कंपनी के अकाउंट में 53 लाख रुपये, रवी सरोज के अकाउंट में 10.21 लाख रुपये, अभिषेक के अकाउंट में 15.57 लाख रुपये और शशि भूषण नाम के व्यक्ति के अकाउंट में 50 हजार रुपये जमा किए थे।जिसका कंपनी ने उन्हें कोई रिटर्न नहीं दिया है और उनके फोन का जवाब नहीं दे रहे हैं।जिसके चलते उन्होंने स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली मे कम्पनी के संचालक प्रशांत सोनी सहित अशोशिएट रवि सरोज, रिटायर्ड सुबेदार सुभाष,अभिषेक, शशिभूषण के खिलाफ ठगी का आरोप लगा नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडित की शिकायत पर सोमवार को मुकदमा दर्ज कर विधिक कारवाई की जा रही है।

# युवती ने युवक पर दहेज की मांग गाली-गलौज, धमकी का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके मे रहने वाली एक युवती ने युवक पर शादी रचा दहेज की मांग पूरी न होने पर गाली गलौज मारपीट धमकी का आरोप लगा युवक सहित उसकी माँ के खिलाफ नामजद शिकायत की है। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित एल०डी०ए० कालोनी निवासी अनामिका राज पुत्री अभिषेक कुमार के अनुसार बीते 7 जुलाई को ए०एम०सी० अफिसस मेस, नजदीकी तोपखाना बाजार लखनऊ का निवासी विकास चौहान पु० राजेन्द्र कुमार से उनकी मुलाकात हुई थी और उन्होंने शादी का वादा किया था।आरोप है कि आरोपित विकास चौहान ने बीते 22 जुलाई 25 को उसे आर्य समाज मंदिर अलीगंज में बुला उससे शादी की थी, जिसके सारे आरिजनल डाक्यूमेंट ले लिए थे जो उनके पास हैं। लेकिन शादी



के बाद विकास चौहान और उनकी माँ सुनीता चौहान ने उससे मकान और पैसे की मांग की। मकान और पैसे देने से मना करने पर पति विकास चौहान ने उनके साथ गाली-गलौज की और धमकी दी और उसे ब्लॉक कर दिया है और उनके फोन का जवाब नहीं दे रहे हैं। वही पीडिता का कहना था पति विकास चौहान ने उनके पिता के साथ भी हाथापाई की और गाली-गलौज की। जिसके चलते उसने पति सहित ससुरालियों पर धोखाधडी का आरोप लगा नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कारवाई की जा रही है।

# जनपद सोनभद्र को 2027 तक बाल श्रम मुक्त बनाने हेतु कार्यशाला का आयोजन

सोनभद्र। उप श्रमायुक्त पिपरी ने अवगत कराया है कि वी0वी0 गिरी राष्ट्रीय श्रम संस्थान नोएडा व मुख्यालय के अधिकारियों के अध्यक्षता में 05 फरवरी,.2026 को प्रातः 10:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद सोनभद्र में 2027 तक बाल श्रम मुक्त बनाने के संकल्प हेतु तैयार कार्य योजना व बाल श्रम उन्नमूलन एवं पुनर्वासन में विभिन्न स्टेक होल्डर्स की कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उप श्रमायुक्त पिपरी ने अवगत कराया है कि वी.वी. गिरी राष्ट्रीय श्रम संस्थान, नोएडा एवं श्रम विभाग मुख्यालय के अधिकारियों की अध्यक्षता में दिनांक 05 फरवरी 2026 को प्रातः 10.00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, सोनभद्र में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य जनपद सोनभद्र को वर्ष 2027 तक बाल श्रम मुक्त बनाए जाने के संकल्प को साकार करने हेतु तैयार की गई

# दबंगो ने सेना के जवान के भाई को पीटा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । मानक नगर थाने मे एक सेना के जवान ने अपने भाई पर रंजिश के चलते मारपीट धमकी का आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।मूल रूप से स्वरूपगढ़, थाना चरखी दादरी जिला चरखी दादरी हरियाणा निवासी नवीन कुमार पुत्र सत्यवान ने बताया कि वह वर्तमान मे श्रीनाथ नगर राजाजीपुरम थाना पारा जनपद लखनऊ मे निवास कर रहा है और उसका भाई आर.एस.डी डिपार्टमेन्ट आर्मी में सर्विस करता है। सोमवार शाम करीब 4.45 बजे ड्यूटी से घर आते समय मानक नगर थाना क्षेत्र स्थित कनौसी पुल के नीचे 6 से 7 अज्ञात लोगों ने उनके भाई की गाड़ी रोककर लाठी-डण्डे से मारपीट की और हमलावरों ने उनके भाई को अधमरा छोड़कर जान से मारने की धमकी दी है।आरोप है कि हमले का कारण सरवन कुमार नाम का व्यक्ति है, जो उनके भाई के साथ ही विभाग में सर्विस करता है और पूर्व में भी कई बार उनके भाई को जान से मारने की धमकी दे चुका है। वही पीडित के भाई नवीन कुमार का कहना था उनके भाई को काफी चोटें आई हैं जिसका उपचार निजी अस्पताल में भर्ती कर चल रहा है। आरोपियों ने उसके भाई को सरवन कुमार से अगर दोबारा बहस किया तो उसे और परिवार को जान से मार देने की धमकी दी है। जिसके चलते उन्होंने भाई के साथ काम करने वाले सरवन कुमार सहित आधा दर्ज अज्ञात के खिलाफ शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडित के भाई की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कारवाई की जा रही है।

# सेवा प्रदाताओं को दिए डायरिया से निपटने के जरूरी टिप्स

**डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित**

**दो दिवसीय कार्यशाला में 46 मेडिकल आफिसर व 63 स्टाफ नर्स ने लिया भाग**

अमन लेखनी समाचार

कानपुर। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से संचालित डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत सेवा प्रदाताओं की दो दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गयी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में सोमवार को शुरू हुई कार्यशाला का मंगलवार को समापन हुआ, जिसमें 46 मेडिकल ऑफिसर



और 63 स्टाफ नर्स शामिल हुए। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सेवा प्रदाताओं के माध्यम से डायरिया के बारे में समुदाय को विस्तार से जानकारी देना, ओआरएस और जिंक से डायरिया रोकथाम के उपायों के बारे में बताना और चिकित्सक के पास जाने की सलाह देना था। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरि दत्त नेमी ने बताया कि डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम कानपुर समेत प्रदेश के 13 जनपदों में चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य शून्य से पांच साल तक के बच्चों की डायरिया के कारण होने वाली मृत्यु दर को शून्य करना और दस्त प्रबंधन को बढ़ावा देना है। डायरिया से किसी भी बच्चे की मौत न होने पाए, इसमें चिकित्सा अधिकारी (मेडिकल आफिसर) और स्टाफ नर्स अहम भूमिका निभा सकते हैं। अभिमुखीकरण कार्यशाला की अध्यक्षता डॉ. कैलाश ने की। उन्होंने डायरिया के बारे में मेडिकल आफिसर और स्टाफ नर्सों का अभिमुखीकरण करते हुए कहा कि डायरिया से बचाव के लिए स्वच्छता बहुत जरूरी है। इसलिए लोग घर और आस-पास साफ-सफाई का पूरा ख्याल रखें। बच्चों को कुछ भी खिलाने-पिलाने से पहले हाथों को अच्छी तरह साबुन-पानी से अवश्य धुल लें। टीकाकरण सारणी के अनुसार बच्चे को सारे टीके लगवाएं और रोटावायरस, विटामिन ए को लेना न भूलें। भोजन को ढककर रखें ताकि मक्खियाँ उस पर न बैठें। जिंक की खुराक को दस्त ठीक होने के बाद भी 14 दिनों तक जारी रखें। पीने के पानी को साफ रखें और पीने के पानी को निकालने के लिए डंडीदार लोटे का प्रयोग करें। छह माह से छोटे बच्चों को दस्त होने पर भी स्तनपान जारी रखें। डायरिया के दौरान ओआरएस से शरीर में पानी की कमी को रोकें। कार्यशाला में शहरी स्वास्थ्य समन्वयक मिलिंद गौतम एवं कमरूल अमीन अंसारी ने डायरिया पर पीएसआई इंडिया द्वारा कराई जा रही अभिमुखीकरण कार्यशाला की सराहना की एवं आश्वासन दिया कि आगे भी इस तरह के आयोजन में वह भरपूर सहयोग करेंगे। इसके साथ ही यह भी कहा कि समुदाय में लोगों को प्रेरित करने की जरूरत है कि घरों में ओआरएस एवं जिंक जरूर रखें, ताकि डायरिया पर शीघ्र नियन्त्रण पाया जा सकेक अभिमुखीकरण कार्यशाला में अपर निदेशक कार्यालय से प्रियांश श्रेष्ठ, जय प्रकाश, पीएसआई इंडिया से राम कुमार तिवारी, अन्नू अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा देकर महिला से दो लाख की ठगी

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई थाना क्षेत्र में ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर ठगी का एक मामला सामने आया है। वृंदावन सेक्टर-4 स्थित गैलेक्सी हाइट निवासी अमिता सिंह को साइबर ठगों ने एल्गो ट्रेडिंग में अधिक लाभ दिलाने का लालच देकर दो लाख रुपये ठग लिए। पीड़िता के अनुसार अगस्त माह में उन्हें अलग-अलग मोबाइल नंबरों से कॉल आए, जिसमें खुद को ट्रेडिंग विशेषज्ञ बताने वाले लोगों ने डिमैट खाता खोलने की बात कही। ठगों के कहने पर अमिता सिंह ने दो चरणों में कुल दो लाख रुपये उनके बताए खातों में ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब उन्होंने निवेश से जुड़ी जानकारी हासिल करने का प्रयास किया तो पता चला कि जिस डिमैट खाते के जरिए ट्रेडिंग बताई जा रही



थी, वह पूरी तरह फर्जी है और सेबी से किसी प्रकार का पंजीकरण नहीं है। इसके बाद पीड़िता ने कॉल करने वाले नंबरों को ब्लॉक कर साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। मामले की जानकारी मिलने पर सोमवार को पीजीआई थाने में भी तहरीर दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# घर के कमरे में बेड पर मिला बुजुर्ग का शव

लखनऊ । आलमबाग क्षेत्र में मंगलवार सुबह घर के कमरे में 75 वर्षीय वृद्ध का शव मृत अवस्था में पड़ा मिला। भतीजे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आलमबाग पुलिस के अनुसार मंगलवार सुबह घर में मृत अवस्था में पड़े एक बुजुर्ग की सूचना पुलिस को मिली थी । मृतक राम स्वरूप शुक्ला 75 अविवाहित था और अकेले ही सुजानपुरा मोहल्ले में रहता था जबकि मृतक के अन्य दो भाई कृष्णा नगर क्षेत्र में रहते है।मृतक का भतीजा करन शुक्ला ने मंगलवार सुबह अपने चाचा की मृत होने की सूचना पुलिस को दिया था ।शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## संक्षेप

### दो ई रिक्शा की आमने सामने भिड़ंत दोनो चालक घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के बहलोलपुर अंडरपास के पास मंगलवार शाम दो ई-रिक्शा में आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गए।टक्कर इतनी भीषण थी कि एक ई-रिक्शा दूसरे के ऊपर चढ़ गया। हादसे के बाद दोनों चालक अपने-अपने ई-रिक्शा में फंस गए। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया।किसानों ने किसी तरह दोनों चालकों को बाहर निकाला और तत्काल एंबुलेंस की मदद से उन्हें सीएचसी बांगरमऊ पहुंचाया। दोनों घायलों का इलाज जारी है।मिली जानकारी के अनुसार, ततीयापुर गांव निवासी राजेश पुत्र देवी शाह चोकर लेकर गंजमुरादाबाद की ओर से आ रहे थे। वहीं, देवखरी गांव निवासी फुल्लू अपने गांव से खाली ई-रिक्शा लेकर बांगरमऊ जा रहे थे।आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के अंडरपास के पास पहुंचते ही चोकर से लदा ई-रिक्शा अनियंत्रित हो गया और सामने से आ रहे दूसरे ई-रिक्शा से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

### कच्चा रास्ता होने के कारण दो किलो मीटर दूर लगाना होता चक्कर

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। विकास खंड क्षेत्र की एक गाँव में दशकों एक ऐसा रास्ता जो एक हजार आबादी को दो किलो मीटर दूर का गरेर को कम करता है और उसी रास्ते से पोलिंग बूथ पर वोटर समेत चुनाव के समय मत पेटियां और अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधि भी जाते हैं लेकिन आज तक कोई सड़क का उद्धार नहीं चाहा। जब की ग्रामीण कई बार रास्त को बनवाने के गुहार लगा चुके हैं।विकास खंड क्षेत्र के हसन खेड़ा गांव को जाने के लिए गाँव वासियों को जब तहसील मुख्यालय से लेकर अस्पताल या ब्लॉक के लिए कोई कार्य जाना पड़ता हैं तो दो किलो मीटर का लम्बा चक्कर लगाना पड़ता है। कारण यह कि गाँव को जाने वाला मार्ग कच्चा और बंबा के किनारे से चकरोड जाता हैं। जिससे गांव के लोग ज्यादातर निकलते हैं उस रास्ते में अगर डामर रोड, सीसी रोड या फिर इंटरलाकिंग का निर्माण हो जाए तो उस रास्ते का उद्धार हो जाएगा। लेकिन ग्रामीणों ने कई बार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से निर्माण कार्य कराने की गुहार लगाई लेकिन कोई सुनवाई नहीं है जिससे चार पहिया वाहन दो किलो मीटर दूर का चक्कर लगाने को विवश है रहे हैं।

हसन खेड़ा गांव निवासी कमल कुमार, बबलू, लवकुश, श्रीकांत, नीरज रावत, समेत कई अन्य लोगों ने बताया कि दशकों से कच्चा रास्ता बना है कई जनप्रतिनिधियों से सड़क बनवाने की माँग की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है।

# महिला की गोली मारकर हत्या करने वाला आरोपी तमंचा समेत गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र में डेढ़ माह पूर्व घर में अकेली रह रही महिला की गोली मारकर हत्या करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।जिसकी निशानदेही पर आलाकत्ल तमंचा भी बरामद हुआ है।

अचलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मन्ना खेड़ा निवासी राम खेलावन की 55 वर्षीय पत्नी नगीना की बीते 9/10 दिसंबर की रात अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी घटना के समय मृतका घर में अकेली थी पति रायबरेली जनपद में पंप ऑपरेटर होने से घर पर मौजूद नहीं था सुबह मृतका के घर जीन मांगने गए पारस के आवाज देने पर जब कोई जवाब नहीं मिला तो गेट से झांक कर देखा तो सन्न रह गए।नगीना का रक्त रंजित शव पड़ा देख उनके परिजनो को घटना की जानकारी दी थी।

### घटना के बाद गांव से भागने वाले को ही पुलिस ने बनाया था अभियुक्त

नगीना की हत्या के बाद मन्ना खेड़ा गांव में काफी समय से रह रहा लखनऊ जनपद के बंथरा थाने के बरकोता निवासी लालता उर्फ सुनील कुमार पुत्र बैजनाथ अचानक लापता हो गया था घटना को खंगालने में लगी पुलिस ने एक माह बाद लालता को ही अभियुक्त बना दिया था इसके बावजूद उसको पकड़ पाने में नाकाम रही।बताया जाता है कि घटना के बाद लालता ट्रक में कंडक्टरी कर रहा था लेकिन उसके द्वारा कोई मोबाइल यूज न करने से उसको पकड़ पाना कठिन बना था।इंस्पेक्टर बृजेश शुक्ला ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर लालता को कानपुर लखनऊ हाइवे स्थित ओवर ब्रिज के पास एक ट्रक से उतार कर लाया गया है जिसने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि वह नगीना के घर आता जाता रहा है कुछ दिन पूर्व वह अपने घर आने से मना कर दिया जिसकी खुन्नस में वह महिला की हत्या कर भाग गया था पुलिस ने अभियुक्त की निशानदेही पर मन्नाखेड़ा गांव के पास स्थित एक गड्ढे से 315 का तमंचा और 1 जीवित कारतूस बरामदगी का दावा किया है।अभियुक्त को सीओ मधुपनाथ मिश्र की मौजूदगी में हत्या और आर्म्स एक्ट की धाराओं में मंगलवार को जेल भेजा गया है।

# सूअरों से लदा ट्रक व बस में टक्कर कई सूअरों की मौत यात्री घायल

अमन लेखनी समाचार



औरास, उन्नाव।लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह करीब 6:30 बजे यात्री से भरी बस और सुअरों से लदे ट्रक की भयंकर टक्कर हो गयी। जिसमें आधा दर्जन यात्री जख्मी और आधा दर्जन सुअरों की मौत हो गयी है।बताया जा रहा है कि बस जयपुर से वाराणसी जा रही थी। हादसे के समय बस में 50 से 60 यात्री सवार थे। वही ट्रक मथुरा से असम के गुवाहाटी की ओर जा रहा था और उसमें करीब 100 सूअर लदे थे। टक्कर के बाद लगभग एक दर्जन सूअरों की मौत हो गई। मृत जानवर सड़क पर दूर तक फैल गए थे, जिससे यातायात प्रभावित हुआ।राहगीरों ने तुरंत पुलिस और आपातकालीन सेवाओं को सूचना दी। सूचना मिलते ही उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (UPEIDA) की टीम और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। राहत और बचाव कार्य तत्काल शुरू किया गया। फंसे हुए यात्रियों को बाहर निकालने के लिए बस के शीशे तोड़े गए। घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास में भर्ती कराया गयाचिकित्सकों के अनुसार हादसे में एक यात्री गंभीर रूप से घायल हुआ है, जबकि चार से पांच लोगों को सामान्य चोटें आई हैं। अन्य यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद सुरक्षित स्थानों के लिए रवाना कर दिया गया। औरास पुलिस ने बस में सवार बाकी यात्रियों को अन्य वाहनों से उनके गंतव्य की ओर भेजने की व्यवस्था की। बस चालक-उपचालक फरार टक्कर के बाद बस का चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

# परिवार रजिस्टर में महिला का नाम कूटरचित तरीके से कराया दर्ज

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कूटरचित तरीके से निवास प्रमाण पत्र तथा वोटर लिस्ट में नाम बढ़ाये जाने के विरुद्ध प्रार्थना पत्र देकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग।



विकास खंड असोहा क्षेत्र के चौपई गांव निवासी रवि सिंह ने जिला अधीकारी, उप जिलाधिकारी व खण्डविकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया, की मेरे गांव में शालिनी पत्नी मनोज कुमार के नाम पर कूट रचित फर्जी तरीके से निवास प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है ,जबकि मनोज कुमार की अभी तक शादी भी नही हुई है और नाही शालिनी नाम की कोई अन्य महिला है।रवि सिंह बताया कि यही तक नही ग्राम प्रधान के चहेते होने के कारण वोटर लिस्ट में नाम भी बढ़वा दिया गया तथा परिवार रजिस्टर में भी नाम अंकित करा दिया गया। जबकि मनोज की शादी शालिनी नाम की लड़की से अगले महीने होने वालीहै।खण्ड विकास अधिकारी निशा सागर को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उक्त प्रकरण गम्भीर है, मैं जिला अधिकारी व उपजिलाधिकारी से मांग करता हु की मामले की जांच करा कर दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाए।

# शबे-बारातः इबादत की रात, मगफिरत की दुआ और अकीदत का सैलाब

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। इस्लामी कैलेंडर के शाबान महीने की 15वीं रात, यानी 'शबे-बारात' नगर व क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और अकीदत के साथ मनाई गई। इस मुकद्दस रात के मौके पर सभी मस्जिदों और खानकाहों/दरगाहों में इबादत का विशेष दौर चला। अकीदतमंदों ने पूरी रात जागकर खुदा की बारगाह में नमाज, कुरान की तिलावत और तौबा (क्षमा याचना) की।शबे-बारात के खास मौके पर बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रोजा रखा। मान्यता है कि इस रात खुदा अपने बंदों के लिए मगफिरत (माफी) के दरवाजे खोल देता है और आने वाले साल के लिए उनके नसीब का फैसला होता है।



रोजेदारों ने शाम को इफ्तार के बाद मस्जिदों का रुख किया, जहां ईशा की नमाज के बाद विशेष दुआओं का सिलसिला शुरू हुआ। नगर व आसपास के क्षेत्रों में स्थित सभी मस्जिदों, दरगाहों और धार्मिक स्थलों को बिजली की झालरों से बेहद खूबसूरती से सजाया गया था। रात भर मस्जिदों में तस्बीह और जिक्र का दौर चलता रहा। उलेमाओं ने इस रात की फजीलत पर रोशनी डालते हुए लोगों को नेक राह पर चलने और इंसानियत की सेवा करने का संदेश दिया। ?परंपरा के अनुसार, लोग बड़ी तादाद में कब्रिस्तान भी पहुंचे। वहां उन्होंने अपने पूर्वजों और दुनिया से रुखसत हो चुके अपनों की कब्रों पर फातिहा पढ़ा, फूल चढ़ाए और उनके गुनाहों की माफी व रूह के सुकून के लिए दुआएं मांगी। कब्रिस्तानों में रोशनी के विशेष इंतजाम किए गए थे और लोगों की आवाजाही पूरी रात बनी रही। दुआओं के दौरान मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और आपसी भाईचारे के लिए भी विशेष प्रार्थनाएं की गईं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर कोई इस रहमतों भरी रात में अल्लाह की इबादत में मशगूल नजर आया।

# खेत में गई बालिका को व परिजनों को दबंग महिला पुरूष ने मिलकर किया जानलेवा हमला

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।मामला मौरावां थाना क्षेत्र का है जहां पासी जाति का व्यक्ति है घटना कल समय करीब दोपहर 2:30 बजे पीड़ित की बहन बबली खेतों से जानवरों का हरा चारा लेकर वापस घर लौट रही थी तभी रास्ते में घर के सामने रहने वाले इरशाद अली उर्फ लल्लन पुत्र बकरीदी तथा उसकी पत्नी आसमां बानो निवासी गण दुंद्पुर पोस्ट हिलौली थाना मौरावां जनपद उन्नाव के द्वारा पीड़ित की बहन द्वारा खेत की मेड़ पर से कांटे हटाये जाने को लेकर विवाद शुरू कर दिया। तथा पीड़ित की बहन बबली को उपरोक्त लोगो द्वारा अश्लील भद्दी-भद्दी गालियां दिया जाने लगा पीड़ित की बहन द्वारा इसका विरोध किया गया तो उपरोक्त लोगो द्वारा पीड़ित की बहन के द्वारा मारपीट की गई उपरोक्त घटना क्रम के सम्बन्ध में पीड़िता की बहन द्वारा मां परमेश्वरी पत्नी रामसनेही को बताया गया तब समय करीब 3:00 बजे मां परमेश्वरी द्वारा उपरोक्त लोगो से इस बात की शिकायत की गई तो उपरोक्त लोगो द्वारा पीड़िता के घर में घुस कर पीड़िता की बहन व मां के साथ ईट पत्थर से हमला करते हुए मारपीट किया। तथा मां परमेश्वरी के सिर पर सरिये से प्राण घातक प्रहार किया। जिससे पीड़ित की मां के सर पर बहुत ही गम्भीर चोटे आई। जिससे पीड़ित की मां बेहोश होकर गिर पड़ी तो पीड़िता द्वारा तुरन्त 108 नंबर डायल कर एम्बुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मौरावां ले जाया गया। जहां पर पीड़ित की मां की गम्भीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पर पीड़ित की मां का इलाज चल रहा है हालत अभी भी गम्भीर है। पीड़ित तथा पीड़ित की बहन को भी कई अंदरूनी चोटें आयी है पीड़ित ने शिकायती दिया।

# दुकानदार के साथ मारपीट करने वाले आरोपीयो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बिरयानी खाने के बाद पैसे के लेन-देन को लेकर ठेले वाले से मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है। यह घटना बीते बुधवार को रामलीला मैदान के पास हुई थी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था, जिसके बाद मामला तूल पकड़ गया। वीडियो के आधार पर स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था, और पुलिस तभी से अभियुक्तों की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान सुरेश कश्यप (29) पुत्र शीतल कश्यप, विशाल कश्यप (22) पुत्र रामशंकर, अभिषेक कश्यप (21) पुत्र रामबाबू और सोनू कुशवाहा पुत्र सज्जन लाल के रूप में हुई है। ये सभी कानपुर नगर के चकेरी थाना क्षेत्र के निवासी हैं। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्तों ने पुलिस के साथ अभद्रता की और शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास किया। स्थिति को देखते हुए, पुलिस उन्हें थाने ले आई और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत नियमानुसार चालान किया। पुलिस ने बताया कि सार्वजनिक शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई आवश्यक थी। थाना प्रभारी चंद्रकांत मिश्र के अनुसार, अभियुक्तों ने अपने कृत्य पर खेद व्यक्त करते हुए माफी मांगी है। उन्होंने भविष्य में ऐसी गलती न करने और किसी भी प्रकार का विवाद या अपराध न करने का आश्वासन दिया है। इसके बावजूद, कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने चारों का शांति भंग में चालान किया है। गौरतलब है कि बिरयानी ठेले वाले के साथ हुई मारपीट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुआ था, जिसमें युवकों को खुलेआम हंगामा करते देखा गया था। इस घटना से क्षेत्र में आक्रोश फैल गया था और लोगों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे और सार्वजनिक स्थानों पर अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्रीय लोगों ने राहत की सांस ली है।

# घर से लापता युवक का पेड़ से लटकता मिला शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के गोसाईखेड़ा गांव में सोमवार को एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान कुलदीप (22) पुत्र राजकुमार के रूप में हुई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया

सोमवार शाम करीब 5 बजे कुलदीप घर से निकला और देर रात तक वापस नहीं लौटा। उसकी दादी जनका ने जब उसे ढूंढना शुरू किया तो घर से लगभग 200 मीटर दूर जंगल में एक पेड़ से साड़ी के फंदे में लटका शव मिला।

मृतक के चाचा सर्वेश ने बताया कि कुलदीप लखनऊ में रहते हुए एक विवाहित महिला और तीन बच्चों की मां के प्रेम जाल में फंस गया था। महिला के लौटने से इनकार करने के बाद पुलिस और परिजनों की शुरूआती जानकारी के अनुसार कुलदीप लखनऊ में मजदूरी करता था। परिजन बताते हैं कि वह एक विवाहित महिला के प्रेम जाल में फंस गया था। तीन दिन पहले कुलदीप उस महिला को गांव लेकर आया था, लेकिन महिला एक रात रुकने के बाद लखनऊ लौट गई। महिला के वापस आने से इंकार करने के बाद कुलदीप लगातार उससे संपर्क करने की कोशिश कर रहा था।आसीवन थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह मामला आत्महत्या का है या अन्य किसी घटना से जुड़ा है। शाम को पड़ोस से साड़ी लेकर जंगल की ओर चला गया था।

# घर में घुसकर चोरों ने पान मसाला समेत पार कर दिया लाखो के जेवरात

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव।मांखी थाना क्षेत्र में सोमवार की रात चोरों ने किराना व्यापारी के घर को निशाना बनाते हुए घर के पीछे चाहरदीवारी फांद कर अंदर पहुंचे और सोने चांदी के आभूषण सहित पान मसाला सहित तीन लाख रुपये कीमत का सामान पार कर दिया मंगलवार सुबह परिजन मांगलिक कार्यक्रम से वापस लौटे तो घटना की जानकारी हुई जिस पर पुलिस को घटना की जानकारी दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया पीडित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है पुलिस मामले की जांच कर रही है।कोरारी कला गांव निवासी बृजेश काफी समय से मेथीटीकुर गांव में मियागंज मार्ग के किनारे मकान बना कर परिवार सहित रहता है और मकान के अगले हिस्से में किराने की दुकान चलाता है सोमवार भतीजे राकेश उर्फ अंकुश का तिलक कार्यक्रम था जिसमें शामिल होने के लिए परिवार सहित गांव गया था इसी का फायदा उठा कर चोरों ने घर के पीछे बगीचे से होकर चाहरदीवारी फांद कर अंदर पहुंचे जहां दुकान में रखा 2 बोरी एसएनके एक बोरी राजश्री पान मसाला सोने की अंगूठी एक पायल चार जोड़ी बच्चों की चांदी की खडांऊ सहित अन्य कीमती सामान पार कर दिया मंगलवार सुबह पीडित घर पहुंचा तो घटना की जानकारी हुई पीडित के अनुसार करीब तीन लाख रुपये कीमत का सामान चोरों ने पार कर दिया इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है घटना संदिग्ध लग रही है जांच की जा रही है जल्द ही घटना का खुलासा किया जायेगा।

# सेल्समैंन के घर से चोरों ने पार कर दिया लाखो का सामान

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में एक सेल्समैन के घर लाखों रुपये के जेवरात चोरी हो गए। चोरों ने घर में घुसकर करीब पांच लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ किया और फरार हो गए। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और स्थानीय लोगों में पुलिस की कार्यशैली को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। पीड़ित की पहचान गंगाघाट थाना क्षेत्र के मनसुख खेड़ा चंपापुरवा निवासी जयकुमार ठाकुर पुत्र स्वर्गीय मगनू के रूप में हुई है। जयकुमार पेशे से सेल्समैन हैं। उन्होंने बताया कि घटना उस समय हुई जब घर के सदस्य किसी काम से बाहर गए हुए थे। अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर प्रवेश किया और अलमारी व संदूक में रखे कीमती जेवरात चुरा लिए। चोरी हुए सामान में दो सोने के लॉकेट, चार नाक की कील, एक सोने का मांग टीका, दो सोने की अंगूठी, एक चांदी की जंजीर, एक चांदी का लॉकेट और 24 चांदी के दाने शामिल हैं। चोरी हुए जेवरातों की कुल कीमत लगभग पांच लाख रुपये आंकी गई है। परिजनों के घर लौटने पर कमरों का सामान बिखरा मिला, जिससे चोरी का पता चला। घटना की सूचना मिलते ही गंगाघाट पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। गली में लगे सीसीटीवी कैमरों में कुछ संदिग्ध युवक दिखाई दिए हैं, जिनकी फुटेज पुलिस ने कब्जे में ले ली है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। इस घटना के बाद गंगाघाट पुलिस की सक्रियता पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था में कमी है। लोगों ने रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। गंगाघाट कोतवाली प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा किया जाएगा।

# बीच सड़क पर कार स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

### रात में तेज रफ्तार से कार घुमाई, हादसे का खतरा



अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर , सड़क पर कार स्टंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें रात में एक सफेद रंग की कार को बीच सड़क पर खतरनाक तरीके से स्टंट करते हुए देखा जा सकता है। यह घटना नगर निगम के आसपास की बताई जा रही है। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि कार चालक तेज गति से कार चलाता है और अचानक ब्रेक लगाता है, जिससे कार का पिछला हिस्सा फिसलकर घूम जाता है। इस दौरान एक अन्य कार से वीडियो बनाया जा रहा है, जो स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दे रही है। स्टंट करने वाली सफेद कार के साथ एक स्कॉर्पियो भी चलती हुई दिख रही है, हालांकि स्कॉर्पियो को स्टंट करते हुए नहीं दिखाया गया है। इस तरह के स्टंट से जुड़े तीन वीडियो सामने आए हैं। इन वीडियो की पुरानी होने की पुष्टि अभी नहीं हो पाई है। वीडियो में हल्का कोहरा भी दिख रहा है, जिससे हादसे की आशंका बढ़ जाती है। कोहरे में दृश्यता कम होने के कारण बीच सड़क पर इस तरह के स्टंट जानलेवा साबित हो सकते हैं। वीडियो सामने आने के बावजूद यातायात पुलिस को इन स्टंटबाजी के बारे में कोई जानकारी नहीं है। यह स्थिति सड़क सुरक्षा पर सवाल खड़े करती है।

# नेटवर्क की समस्या से जूझता आज का इंसान

### रिचार्ज के नाम पर हो रही लूट

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बीघापुर सर्किल क्षेत्र में नेटवर्किंग समस्या से लोग इस कदर जूझ रहे जैसे कोई त्रासदी आ गई हो क्षेत्र में काफी दिनों से दूरसंचार विभाग की लचर कार्य शैली ने लोगों के लिए एक बड़ी समस्या खड़ी कर दी जिओ ने सबसे पहले अपना रिचार्ज सस्ता करके बीएसएनल को शिकस्त दी फिर अपना अधिपत्य जमाया उसके बाद आज जब जिओ के सर्वाधिक उपभोक्ता हुए तो इस जियो ने सारे उपभोक्ताओं की मजबूरी का फायदा उठाते हुए अपने रिचार्ज को सातवें आसमान पर ले गए फिर भी जिओ कंपनी का पेट नहीं भरा अब स्थितियां यह है कि उपभोक्ता कितने महंगे महंगे रिचार्ज कराते है फिर भी उसका उपयोग नहीं कर पाते ना ही डेटा चलता है ना ही बात हो पाती है जिससे सब से ज्यादा बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है व्यापारियों का व्यापार प्रभावित होता है सरकारी कार्यालय में भी बाधा उत्पन्न होती है आदमी कहीं भी जाए अपना काम कराने के लिए तो एक ही उत्तर मिलता है सर्वर नहीं है

सबसे बड़ी बात तो यह है कि इस विषय में ना कोई अधिकारी ध्यान देता है ना ही सरकार ध्यान देती है आखिर जिओ कंपनी द्वारा कब तक इस तरह से उपभोक्ता लुटे जाएंगे।

# पुलिस क्षेत्राधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार सिंह ने आज मंगलवार को कोतवाली तथा बेहटा थाना प्रभारी के साथ आगराझलखनऊ एक्सप्रेस वे और निमार्णाधीन गंगा एक्सप्रेस वे की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने प्रभारियों से दोनों एक्सप्रेस वे पर वाहनों के खड़े करने पर रोक लगाने सुरक्षा हेतु सतर्क रहने का निर्देश दिया। सीओ श्री सिंह ने कोतवाल अखिलेश चंद्र पाण्डेय व बेहटा मुजावर थाना प्रभारी मुन्ना कुमार के साथ एक्सप्रेस वे की हवाई पट्टी का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पीआरवी पुलिस को लगातार गश्त करने और संदिग्ध गतिविधियां भांपते ही फौरी कार्रवाई के आदेश दिए।

**भारत में वायुमार्गीय यात्रा अप्रत्याशित रूप में असुरक्षित हुई है, इसमें संदेह नहीं है। प्रतिवर्ष कोई न कोई विमान दुर्घटना हो रही है, जो मानव को आधुनिकता तथा विज्ञान के अभिशाप से निरंतर परिचित करा रही है। बढ़ती आबादी, मध्यम वर्ग का विस्तार, व्यापार और पर्यटन में वृद्धि तथा क्षेत्रीय कनेक्टिविटी की बढ़ती मांग ने हवाई यात्रा को अब केवल लग्जरी नहीं, बल्कि जरूरत बना दिया है। वहीं, देखने में आता है कि राजनीतिक दबाव या समय की कमी के कारण विमान चालक प्रतिकूल मौसम में भी उड़ान भरने का जोखिम उठाते हैं, जबकि मौसम की प्रतिकूलता की स्थिति में राजनीतिक दबाव की तुलना में उड्डयन मानकों का कठोरतापूर्वक पालन सुनिश्चित होना अधिक महत्वपूर्ण होना चाहिए। कह सकते हैं कि एविएशन सेक्टर में एक तरफ विकास की अपार संभावनाएं हैं तो दूसरी तरफ चुनौतियां भी मौजूद हैं। इसके लिए सरकार को इस क्षेत्र में कनेक्टिविटी के साथ-साथ सिस्टम और सुरक्षा को भी मजबूत बनाना होगा, ताकि विमान हादसों पर यथासंभव रोक लगाई जा सके। दीर्घकालिक नीति, स्थिर निवेश, कौशल विकास, तकनीकी नवाचार और पर्यावरण-अनुकूल दृष्टिकोण अपनाकर ही इस क्षेत्र को वास्तव में सशक्त बनाया जा सकता है। इसी का विश्लेषण करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# चुनौतियों से घिरीं वायुमार्गीय यात्राएं



विश्लेषण

विकेश कुमार बडोला

वरिष्ठ पत्रकार

**हाल ही में हुई विमान दुर्घटना में महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री अजित पवार की असामयिक मृत्यु ने देश में वीआईपी वायु यात्रा और वायु मार्गों के सुरक्षा प्रबंधन पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। भारत जैसे विशाल तथा सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश में राजनीतिक गतिविधियों और शासन के सुचारू संचालन के लिए आज विमान यात्रा एक आवश्यकता बन चुकी है, किंतु आवश्यकता के बढ़ने पर भी अधि संख्या में होने वाली विमान यात्राओं की शत-प्रतिशत सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो सकी है।**

विमानों के माध्यम से वायुमार्गीय यात्रा अप्रत्याशित रूप में असुरक्षित हुई है, इसमें संदेह नहीं है। प्रतिवर्ष कोई न कोई विमान दुर्घटना हो ही रही है, जो मानव को आधुनिकता तथा विज्ञान के अभिशाप से निरंतर परिचित करा रही है। सीडीएस विपिन रावत का हेलिकॉप्टर, गुजरात में बोइंग विमान और अब महाराष्ट्र में अजित पवार का निजी विमान, सभी भयंकर रूप में दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं। उप-मुख्यमंत्री अजित पवार की विमान दुर्घटना में असामयिक मृत्यु ने देश में वीआईपी वायु यात्रा और वायु मार्गों के सुरक्षा प्रबंधन पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। भारत जैसे विशाल तथा सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश में राजनीतिक गतिविधियों और शासन के सुचारू संचालन के लिए आज विमान यात्रा एक आवश्यकता बन चुकी है, किंतु आवश्यकता के बढ़ने पर भी अधि संख्या में होने वाली विमान यात्राओं की शत-प्रतिशत सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो सकी है।

## हवाई पट्टियों का समुचित प्रबंधन

नवीन विमान दुर्घटना ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। यह घटना केवल एक व्यक्तिगत क्षति नहीं है, बल्कि इसने हमारे देश के विमानन सुरक्षा नवाचार तथा विशेष रूप में लघु नगरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हवाई पट्टियों के समुचित प्रबंधन पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न लगा दिया है। अजित पवार की मृत्यु ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वायुमार्गीय वीआईपी आवागमन की समयावधि में सुरक्षा के उच्चतम मानकों में थोड़ी सी भी चूक प्राणघाती सिद्ध हो सकती है। अभी भारत में कई ऐसी हवाई पट्टियां हैं जो जनपदीय प्रशासन के अधीन हैं, जहां नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के निर्दिष्ट मानकों का पूर्ण पालन प्रायः चुनौतीपूर्ण होता है।

इस स्थिति में हवाई पट्टियों का समुचित संचालन अत्यावश्यक हो जाता है, और ऐसा होने पर ही वायुमार्ग का आवागमन सुरक्षा की परिधि में हो सकता है। विमान दुर्घटनाओं की त्रासदी के आलोक में, वीआईपी आवागमन को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित करने के लिए अनेक कार्य करने होंगे। इसके लिए सर्वप्रथम विमानन के बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण आवश्यक है।

## नेविगेशन की सुविधाएं नगण्य

देश में अधिसंख्य अस्थायी अथवा लघु आकार की हवाई पट्टियों पर रात्रि में विमान को उतारने की सुविधाएं व प्रबंधकीय व्यवस्थाएं अपर्याप्त हैं। प्रतिकूल वातावरण में नेविगेशन की सुविधाएं नगण्य हैं। जो सुविधाएं हैं, वे भी पुरानी हैं। इस दिशा में जो भी सुधार किए जाने हैं, वे तत्काल प्रभाव से युद्ध स्तर पर किए जाने चाहिए। इसके अंतर्गत सभी सक्रिय हवाई पट्टियों पर सटीक दृष्टिकोण पथसंकेतक लगाये जाएं। आधुनिक प्रकाश प्रणाली स्थापित की जाएं। रनवे की सतह और उसकी लंबाई का नियमित रूप में सुरक्षा परीक्षण अनिवार्य हो। मौसम संबंधी पूर्वानुमान प्रणाली को दुर्घटनाओं की चुनौतियों के अनुसार सुदृढ़ किया जाना चाहिए। पहाड़ी या तटीय क्षेत्रों में, जहां मौसम क्षण-प्रतिक्षण परिवर्तित होता रहता है, वहां के लिए विशिष्ट पूर्वानुमान प्रणालियां सुव्यवस्थित ढंग से क्रियान्वित हों। उड़ानों के लिए केवल सामान्य मौसमीय जानकारी पर निर्भर रहने की तुलना में, हवाई पट्टियों पर प्रतिक्षण की मौसमीय जानकारी देने वाले स्वचालित मौसम सूचना प्रणालियां स्थापित की जाएं। विमान चालकों को उड़ान भरने से ठीक पहले मौसम की उपयुक्त जानकारी सुनिश्चित की जाए।

## उड्डयन मानकों का पालन

प्रायः देखने में आता है कि राजनीतिक दबाव या समय की कमी के कारण विमान चालक प्रतिकूल मौसम में भी उड़ान भरने का जोखिम उठाते हैं। जबकि मौसम की प्रतिकूलता की स्थिति में राजनीतिक दबाव की तुलना में उड्डयन मानकों का कठोरतापूर्वक पालन सुनिश्चित होना अधिक महत्वपूर्ण होगा। वीआईपी आवागमन का अंतिम निर्णय विमान चालक के स्तर पर होना चाहिए। वहीं निश्चित करें कि उड़ान भरी जानी है अथवा स्थगित करनी है। यदि विमान चालक मौसम या तकनीकी कारणों से उड़ान भरने से मना करता है, तो बिना किसी प्रशासनिक दबाव के उसे स्वीकार किया जाना चाहिए। इसके लिए सुरक्षा संबंधी अतिरिक्त समय-निर्धारण की कार्यसंस्कृति विकसित की जाए, जिसमें निर्धारण हेतु निर्णायक की भूमिका में विमान चालक ही हो। उड्डयन संबंधी जो भी मानक संचालन प्रक्रिया निर्धारित है, उसका हर परिस्थिति में कठोरतापूर्वक पालन हो। वैसे तो नागरिक उड्डयन महानिदेशक के पास वीआईपी आवागमन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश होते हैं, किंतु धरातल पर इनका पालन नहीं होता। देखा गया है कि राजनीतिक मनमर्जी ऐसे दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करने देती। इस स्थिति पर उड्डयन संबंधी नियमों का कठोर नियंत्रण सुनिश्चित होना चाहिए।

## ईंधन गुणवत्ता की सघन जांच

उड़ान से पूर्व विमानों की तकनीकी उपयुक्तता का प्रमाणपत्र तथा ईंधन की गुणवत्ता की द्विस्तरीय सघन जांच होनी चाहिए। विमान को भूमि पर उतारने तथा उड़ान की समयावधि में विमान स्थल के कर्मचारियों और अग्निशमन संसाधनों की उपलब्धता अत्यंत अनिवार्य हो। विमान चालकों का प्रशिक्षण यदि गुणवत्तापूर्ण होगा तथा यदि उनके अधि कार्यघंटों को ध्यान में रख समुचित विश्राम देने का प्रबंधन नियमित होगा, तो भी दुर्घटनाओं की संभावनायें कम होंगी।

## चालकों को हो विशेष अनुभव

देखा जाता है कि प्रायः एक ही चालक दल निरंतर कई यात्राओं में उड़ान व्यस्त होता है। यह स्थिति तत्काल प्रभाव से बदली जानी चाहिए। वीआईपी उड़ानों के लिए चालकों का विशेष अनुभव भी निर्धारित होना चाहिए। उन्नत संचार तकनीकों की भी वायुमार्गीय विमान यात्रा को सुरक्षित करने में व्यापक भूमिका हो सकती है।

इसके साथ ही, ध्यान रहे कि जिनके पास इनके संचालन का कार्यदायित्व हो, वे कार्य के प्रति निष्ठापूर्वक होकर समर्पित रहें।



# संभावनाओं के साथ चुनौतियां भी कम नहीं



दृष्टिकोण

विवेक शुक्ला

वरिष्ठ पत्रकार

भारत का एविएशन सेक्टर दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक है। पिछले कुछ सालो में हवाई यात्रा करने वाले लोगों की संख्या बहुत बढ़ी है, लेकिन विमानों की कमी एक बड़ी समस्या बनी हुई है। इस साल एविएशन सेक्टर का भविष्य मिश्रित दिखाई देता है। एक तरफ विकास की संभावनाएं हैं, दूसरी तरफ चुनौतियां - जैसे विमान और पायलटों की कमी तथा वित्तीय नुकसान। सबसे पहले, विमानों की कमी की वजह समझते हैं। भारत में एयरलाइंस जैसे इंडिगो, एयर इंडिया और स्पाइसजेट तेजी से फैल रही हैं। विमान बनाने वाली कंपनियां जैसे बोइंग और एयरबस समय पर विमान नहीं दे पा रही हैं। सप्लाई चेन की समस्या, कच्चे माल की कमी और मजदूरों की कमी से उत्पादन प्रभावित हो रहा है। जानकारों का मानना है, 2026 में घरेलू हवाई यात्री ट्रैफिक में सिर्फ 0-3% की बढ़ोतरी हो सकती है। वैश्विक स्तर पर देखें तो अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) की रिपोर्ट कहती है कि 2026 में हवाई यात्री ट्रैफिक में 4.9% की बढ़ोतरी होगी। भारत इसमें बड़ा योगदान देगा, क्योंकि यहां अर्थव्यवस्था मजबूत है और मध्यम वर्ग बढ़ रहा है। 2026 में एविएशन सेक्टर कैसा रहेगा? सकारात्मक पक्ष से शुरू करें। बोइंग ने घोषणा की है कि 2026 में भारतीय एयरलाइंस को 25 नए विमान दिए जाएंगे। यह क्षमता बढ़ाएगा और कनेक्टिविटी बेहतर होगी। कुल मिलाकर, भारत का फ्लीट 2026 में 100 से ज्यादा विमानो से बढ़ सकता है। एयरबस का अनुमान है कि 2035 तक भारत का कमर्शियल फ्लीट तीन गुना होकर 2250 विमानों तक पहुंच जाएगा। अभी यह 850 के आसपास है। यूनियन बजट में एविएशन पर फोकस है। इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार, एयरपोर्ट क्षमता बढ़ाना और सुरक्षा पर जोर दिया जा रहा है। विंग्स इंडिया 2026 जैसे इवेंट में नए सौदे और निवेश की बात हो रही है। बोइंग का कहना है कि 2044 तक भारत और दक्षिण एशिया को 3300 नए विमानों की जरूरत होगी, जिसमें 90% सिंगल-आइसल जेट होंगे। इससे रोजगार बढ़ेगा और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं हैं। विमानों की कमी से एयरलाइंस ग्रोथ नहीं कर पा रही हैं। जानकारी के अनुसार, 2026 में वैश्विक स्तर पर 120 बिलियन डॉलर के नए विमान डिलीवर होंगे। भारत में पायलटों की कमी एक बड़ी समस्या है। बिजनेस एविएशन में पायलट शॉर्टेज और मेंटेनेंस की दिक्कतें हैं। 2035 तक 35,000 पायलटों की जरूरत होगी, अभी सिर्फ 12,000 हैं। टेक्निकल स्टाफ भी तीन गुना बढ़ाना पड़ेगा। अब बात सुधार की। एविएशन सेक्टर में सुधार के लिए कई कदम उठाए जा सकते हैं। सबसे पहले, सरकार को इंफ्रास्ट्रक्चर पर और निवेश करना चाहिए। इकोनॉमिक सर्वे 2025-26 में कहा गया है कि एविएशन, पोर्ट्स और शिपिंग में मजबूत ग्रोथ होगी, और जीडीपी ग्रोथ 7% तक पहुंच सकती है। 10 सालों में 200 एयरपोर्ट हो सकते हैं, अभी 150 हैं। मेक इन इंडिया के तहत विमान पार्ट्स बनाने वाली फैक्टरियां लगाएं। बोइंग और एयरबस से ज्यादा पार्टनरशिप करें। पायलट ट्रेनिंग के लिए नए संस्थान खोलें। मेंटेनेंस के लिए स्पेयर पार्ट्स की लोकल सप्लाई चेन बनाएं। टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करें, जैसे एआई से उड़ान शेड्यूल ऑप्टिमाइज करें और साइबर सिक्योरिटी मजबूत करें। एयरलाइंस को फाइनेंशियल सपोर्ट दें, जैसे टैक्स छूट। सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (एसएएफ) पर फोकस करें ताकि पर्यावरण सुरक्षित रहे। 2025 में हुई दुर्घटनाओं से सीखें और ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाएं। कुल मिलाकर, अगर ये सुधार किए गए तो 2027 में ट्रैफिक 6-8% बढ़ सकता है। इस बाबत ईमानदारी से प्रयास किए जाने जरूरी हैं। बेशक, 2026 में भारत का एविएशन सेक्टर चुनौतियों से भरा रहेगा, लेकिन विकास की राह पर है। विमानों की कमी से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। अधिकतर एयरलाइंसों का अपने मुसाफिरों को लेकर रवैया कोई बहुत सही तरह का नही रहता। राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ही अराजकता फैली रहती है। मुसाफिरों को यहां से वहां धक्के खाने पड़ते हैं। अगर सरकार, एयरलाइंस और मैन्युफैक्चरर्स मिलकर काम करें तो भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट बन सकता है। यह न सिर्फ अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा बल्कि लाखों लोगों को रोजगार देगा। उम्मीद है कि आने वाले महीनों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे।

***बोइंग का कहना है कि 2044 तक भारत और दक्षिण एशिया को 3300 नए विमानों की जरूरत होगी, जिसमें 90% सिंगल-आइजल जेट होंगे। इससे रोजगार बढ़ेगा और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं हैं। विमानों की कमी से एयरलाइंस ग्रोथ नहीं कर पा रही हैं।***

# हवाई आधारभूत संरचना में मजबूती लाना जरूरी



मुद्दा

वरिष्ठ पत्रकार

योगेश कुमार सोनी

बीती 28 जनवरी को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का विमान हादसे में निधन हो गया। इस घटना से पूरे राजनीतिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार विजिबिलिटी कम होने की वजह से बारामती में रनवे नहीं दिखा और लैंडिंग की कोशिश नाकाम हो गई थी, इसलिए यह हादसा हुआ। इस घटना के बाद से सवाल उठ रहे हैं कि विमान दुर्घटना की जांच को लेकर भारत में इसके लिए कितना इंफ्रास्ट्रक्चर है? और यह सच संपूर्ण रूप से बाहर आ पाता है या नहीं कि दुर्घटना किस वजह से हुई? कमर्शियल से लेकर प्राइवेट प्लेन तक दुर्घटनाओं की चपेट में आ रहे हैं। जबकि भारत ही नहीं, पूरी दुनिया में प्लेन का सफर सबसे ज्यादा जोखिम भरा माना जाता है। चूंकि यदि छोटी सी भी घटना या प्लेन में कोई कमी हो जाए तो निश्चित तौर पर मौत तय है और इसलिए प्लेन की पूरी तरह से जांच होनी अनिवार्य होती है। इस क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना यह है कि जिस स्तर पर भारत की जनसंख्या बढ़ी और हर तरह के विमान में बढ़ोतरी हुई, उस स्तर पर सिस्टम अपडेट व अपग्रेड नहीं हुआ। आंकड़ों के अनुसार पिछले पांच साल में भारत में कुल 53 हवाई हादसे हुए हैं। इन हादसों में कुल 320 से ज्यादा लोगों की जान गई है। जबकि करीब 180 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

वहीं, साल 1947 से लेकर अब तक हुए हादसों में 2,000 से अधिक लोगों की जान गई है। भारत में कुल 487 हवाई अड्डे और हवाई पट्टियां हैं जिनमें से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण 137 का प्रबंधन करता है इनमें 34 अंतरराष्ट्रीय और कई घरेलू हवाई अड्डे शामिल हैं और भारत में लगभग 148 परिचालन हवाई अड्डे हैं, जो यात्रियों को कनेक्टिविटी प्रदान करते हैं। यह कमर्शियल व प्राइवेट दोनों के लिए हैं। देश में लगभग हर वर्ष एक बड़ा विमान हादसा हो रहा है। इससे तंत्र प्रणाली को सबक लेना चाहिए, चूंकि केवल बजट पारित करने के अलावा हाई टेक सिस्टम के साथ अपडेट होने की जरूरत है। विशेषज्ञों के अनुसार खासतौर पर टेकऑफ और लैंडिंग के दौरान मौसम का असर सबसे घातक साबित होता है। मौसम सीधे तौर पर विमान की विजिबिलिटी बैलेंस, इंजन कैपेसिटी और पायलट के निर्णय को प्रभावित करता है। खराब मौसम में एक छोटी-सी चूक भी बड़ी दुर्घटना में बदल सकती है। एक्सपर्ट्स के अनुसार किसी भी फ्लाइट के कुल समय का केवल 5 से 6 प्रतिशत हिस्सा टेकऑफ और लैंडिंग में लगता है लेकिन 70 प्रतिशत से ज्यादा हवाई हादसे इसी चरण में होते हैं और इसके लिए हम किसी भी रूप में अपडेट नहीं हो पाते। यही कारण है कि हम विमान के हादसे की सही से जांच नहीं कर पाते। इसकी वजह से अधिकतर मामलों में सच सामने आ ही नहीं पाता। हमारा इंफ्रा उतना मजबूत नहीं है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय मुख्य काम हवाई अड्डों की योजना, सुरक्षा, विमान नियम बनाना और हवाई यातायात सेवाओं की देखरेख करना है, लेकिन इतने बड़े मंत्रालय के पास अधिकतर अपने कार्य से संबंधित उत्तर नहीं होता तो इसमें आम आदमी को सही उत्तर कहां से मिलेगा। यदि भारत में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़े तो उसके लिए हमारे पास अधिकतर रूट पर बहुत ज्यादा विकल्प नहीं है और स्थिति तो यह भी है कि बड़े-बड़े एयरपोर्ट के पास तक कॉलोनियां बसी हुई है। हम हादसों से पहले कभी जागते नहीं और कुछ दिन मात्र अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर फिर से पुराने ढर्रे पर चल पड़ते हैं। बहरहाल, कोई भी सरकार नहीं चाहती कि इस तरह के हादसे हों, लेकिन यदि किसी घटना की आशंका जिस वजह से ज्यादा हो, उस पर गंभीरता दिखाना सरकार का कर्तव्य माना जाता है। उड्डयन तंत्र प्रणाली को लेकर भी अब सजग होना अनिवार्य है। हमारे देश में हर रोज लगभग 6 लाख लोग हवाई सफर करते हैं। हवा में यात्रा करना भरोसा होता है सिस्टम पर, चूंकि एक विमान में 600 तक लोगों के बैठने की क्षमता होती है और उसके संचालित करने के लिए टीम होती है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि बीते दशक भर में हमारे देश में सड़कों पर बहुत बड़े स्तर पर काम हुआ है और हम इसी तरह की उम्मीद हवाई यात्रा की तंत्र प्रणाली के लिए करते हैं, चूंकि अब हवाई सफर करने वालों की संख्या हर रोज बढ़ रही है।

***विशेषज्ञों का मानना यह है कि जिस स्तर पर भारत की जनसंख्या बढ़ी और हर तरह के विमान में बढ़ोतरी हुई, उस स्तर पर सिस्टम अपडेट व अपग्रेड नहीं हुआ।***

# कनेक्टिविटी के साथ-साथ सिस्टम पर भी ध्यान दे सरकार



व्यवस्था

रवि शंकर

स्वतंत्र पत्रकार

भारतीय एविएशन सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन क्रैश, साइबर अटैक, तकनीकी खराबियों और उड़ानों में अव्यवस्था ने सुरक्षा पर सवाल खड़े किए हैं। बजट 2026 से उम्मीद है कि सरकार कनेक्टिविटी के साथ-साथ सिस्टम और सुरक्षा को भी मजबूत करेगी।

भारतीय एविएशन के लिए बीता हुआ साल बेहद मुश्किल साल रहा। एयर इंडिया का एक जानलेवा हादसा, एयरलाइंस और एयरपोर्ट सिस्टम पर साइबर अटैक, लगातार टेक्निकल खराबियां और दिसंबर में इंडिगो की बड़ी गड़बड़ी ने दिखा दिया कि सिस्टम कितना नाजुक हो गया है। इंडियन एविएशन सेक्टर आज जिस स्थिति में खड़ा है, उसे देखकर यह स्पष्ट हो जाता है कि भारत की आसमान में उड़ान भरने की महत्वाकांक्षा और उसकी जमीनी हकीकत के बीच बेहद गहरा अंतर है। बीते दशक में भारत ने एविएशन के बुनियादी ढांचे, एयरपोर्ट्स, क्षेत्रीय संपर्क और यात्रियों की संख्या के लिहाज से अभूतपूर्व बढ़ोतरी दर्ज की है, लेकिन एयरलाइंस के ऑपरेशन्स, फाइनेंशियल स्टेबिलिटी और कम्पेटिटिव एनवायरमेंट के मोर्चे पर तीव्र संकट से गुजर रहे है। सवाल अहम है कि क्या भारत की एविएशन इंडस्ट्री जितनी तेजी से बढ़ रही है, उतनी ही तेजी से उसे सुरक्षित रखने वाले सिस्टम भी मजबूत हो रहे हैं? पहले चर्चा सिर्फ विस्तार (एक्सपेंशन) की होती थी, अब बात दबाव और जोखिम की होने लगी है।

यह विरोधाभास जितना चौंकाने वाला है, उतना ही चिंताजनक भी। भारत में एविएशन सेक्टर में विकास की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन यह विकास टिकाऊ तभी होगा, जब मार्केट स्ट्रक्चर हेल्दी हो, नीतियां संतुलित हों और रेगुलेशन स्ट्रॉन्ग हो। आज की स्थिति में इंडिगो जैसी कंपनियों की मोनोपोली जितनी यात्रियों के लिए हानिकारक है, उतनी ही उद्योग के लॉन्ग टर्म फ्यूचर के लिए भी। भारतीय एविएशन सेक्टर को गौर से देखें तो यह दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता एविएशन मार्केट है, जो अभी मुख्यतः इंडिगो और एयर इंडिया पर ही टिका है। भारी संख्या में फ्लाइट पैसेंजर होने के बावजूद दूसरी कोई एयरलाइंस इस इंडस्ट्री में प्रभावी नहीं है। एविएशन एक्सपर्ट के मुताबिक, यह कोई सामान्य समस्या नहीं है, बल्कि खराब पॉलिसी का नतीजा है। पिछले 20 सालों में जब भी जेट



**आज की स्थिति में इंडिगो जैसी विमान कंपनियों की मोनोपोली जितनी यात्रियों के लिए हानिकारक है, उतनी ही उद्योग के लॉन्ग टर्म फ्यूचर के लिए भी है।**

एयरवेज या किंगफिशर जैसी बड़ी एयरलाइंस डूबीं, तो उस समय भी सरकार की ओर से इन कंपनियों को बचाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। अगर सरकार समय से कदम उठाती तो संभवतः आज हजारों नौकरियां सुरक्षित और हमारी हवाई क्षमता बेहतर होती। सरकार एविएशन सेक्टर में किसी भी तरह के नए निवेश को आकर्षित करने में विफल रही है। आज, सरकार की बहुप्रचारित 'उड़ान' योजना का हश्र देखिए। दावा था 2,500 रुपये में हवाई यात्रा का, लेकिन दिसंबर 2025 में सरकार खुद 1500 किमी से कम की उड़ानों के लिए 18,000 रुपये तक की कैपिंग (सीमा) लगा रही है। एकाधिकार की प्रवृत्ति को रोकने के लिए और अधिक एयरलाइंस की सख्त जरूरत है। वर्तमान में, भारतीय घरेलू विमानन बाजार पर मुख्य रूप से दो बड़े समूहों का वर्चस्व है, जिससे प्रतिस्पर्धा का संतुलन बिगड़ गया है। बाजार का लगभग 90 फीसदी हिस्सा केवल इन दो समूहों (इंडिगो और टाटा) के नियंत्रण में है। भारत में और एयरलाइंस की सख्त आवश्यकता है। नई एयरलाइंस न केवल किराया कम करने में मदद करेंगी, बल्कि परिचालन संकट के समय बाजार को स्थिरता भी प्रदान करेंगी। भारत का एविएशन उद्योग सालाना 10 से 12 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, यह दुनिया में सबसे तेज ग्रोथ है। उस हिसाब से नए निवेश को आकर्षित करना चाहिए। मौजूदा हालात से बचने के लिए सरकार को अपना लागत ढांचा तर्कसंगत बनाना चाहिए। अभी बेइंतहां टैक्स है, एयरपोर्ट ऑपरेटर्स यात्रियों से तरह-तरह के शुल्क ले रहे हैं। जीएसटी आदि के नाम पर भी तरह तरह के टैक्स हैं। इन सारी वजहों से इस सेक्टर पर नए निवेश नहीं आ पा रहे हैं।

दूसरी सलाह है, बाजार हिस्सेदारी की सीमा तय की जानी चाहिए और 30 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। भारत यदि विश्व का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट बनना चाहता है तो उसे नीतियों को विस्तार से परे जाकर गहराई में सुधारना होगा। सबसे पहला उपाय होना चाहिए, एटीएफ को जीएसटी में लाना, दूसरा डीजीसीए को अधिक स्वायत्त, सशक्त और उत्तरदायी संस्था बनाया जाए, तीसरा यात्रियों को यूरोपीय मॉडल की तरह मुआवजे का कानूनी अधिकार मिले और चौथा नए खिलाड़ियों के प्रवेश को सरल बनाया जाना चाहिए, ताकि प्रतिस्पर्धा बनी रहे। भारत का एविएशन सेक्टर आज आईसीयू में है। हमने 'प्रतिस्पर्धा' को मारकर 'एकाधिकार' को चुना है। 2009 के 'राष्ट्रीय परिवहन विकास नीति समिति' ने जिस वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर का सपना देखा था, उसे आज 'सेल्फी पॉइंट्स' और महंगे एयरपोर्ट बर्गर में बदल दिया गया है।

# एविएशन सेक्टर : थोड़ा है और थोड़े की जरूरत है



विस्तार

सुशील देव

स्वतंत्र पत्रकार

निश्चित तौर पर भारत का एविएशन सेक्टर यानी उड्डयन क्षेत्र बीते एक दशक में तेजी से विकसित हुआ है। बढ़ती आबादी, मध्यम वर्ग का विस्तार, व्यापार और पर्यटन में वृद्धि तथा क्षेत्रीय कनेक्टिविटी की बढ़ती मांग ने हवाई यात्रा को अब केवल लग्जरी नहीं, बल्कि जरूरत बना दिया है। आज हवाई सफर समाज के हर वर्ग की पहुंच में आता दिखाई दे रहा है।

यह बदलाव भारत की बदलती आर्थिक और सामाजिक तस्वीर को भी दर्शाता है। हाल के वर्षों में केंद्र सरकार ने देशभर में हवाई अड्डों के बुनियादी ढांचे के विस्तार पर विशेष जोर दिया है। पटना, दतिया, सतना, अमरावती, तूतीकोरिन, पूर्णिया, नवी मुंबई और गुवाहाटी जैसे शहरों में नए एयरपोर्ट और आधुनिक टर्मिनल सुविधाओं का विकास किया गया है। इससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी मजबूत हुई है और बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र तथा तमिलनाडु जैसे राज्यों में आर्थिक गतिविधियों को गति मिली है। सरकार और निजी क्षेत्र की साझेदारी ने इस सेक्टर को नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ाया है। इसके बावजूद यह कहना जल्दबाजी होगी कि हम पूरी तरह संतुष्ट स्थिति में पहुंच चुके हैं। इस क्षेत्र में अभी कई बुनियादी जरूरतें और कमियां मौजूद हैं। सीनियर एविएशन कंसल्टेंट जी. एस. बाबा के अनुसार, हम प्रगति के रास्ते पर जरूर हैं और संभावनाएं भी बहुत हैं, लेकिन कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गंभीरता से काम करने की आवश्यकता है। सबसे पहले विमानों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इसके साथ पायलटों के प्रशिक्षण, तकनीकी दक्षता और रखरखाव ढांचे को मजबूत करना भी उतना ही आवश्यक है। सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल की दिशा में तेज प्रगति भी समय की मांग है। विमानों की उपलब्धता के संदर्भ में भी बड़ा अंतर दिखाई देता है। वर्तमान जरूरतों और भविष्य की मांग को देखते हुए बेड़े के विस्तार की आवश्यकता है। ऐसे में 'मेक इन इंडिया' के तहत विमान निर्माण और एयरोस्पेस विनिर्माण को बढ़ावा देने के प्रयास सकारात्मक संकेत देते हैं। पायलट प्रशिक्षण और तकनीकी कौशल विकास के लिए समर्पित समझौते (एमओयू) और प्रशिक्षण ढांचे का विस्तार भी उत्साहजनक कदम है। साथ ही भारत में एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहाल) सुविधाओं का विकास इस क्षेत्र को



**दीर्घकालिक नीति, स्थिर निवेश, कौशल विकास, तकनीकी नवाचार और पर्यावरण-अनुकूल दृष्टिकोण अपनाकर ही इस क्षेत्र को वास्तव में सशक्त बनाया जा सकता है।**

आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। एयरपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर इस सेक्टर की रीढ़ है। यदि हम घरेलू यातायात को बेहतर ढंग से विकसित और व्यवस्थित कर लें, तो आत्मनिर्भर एविएशन प्रणाली बनाना कठिन नहीं होगा।सरकार द्वारा छोटे एयरपोर्ट के विकास और छोटे विमानों के संचालन को बढ़ावा देना एक प्रभावी रणनीति साबित हो सकती है। क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना 'उड़ान' के माध्यम से टू-टियर और थ्री-टियर शहरों को जोड़ने का प्रयास सराहनीय है। इससे न केवल यात्रियों को सुविधा मिलती है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल और पर्यावरण-अनुकूल नीतियों पर काम भी भविष्य की जरूरतों के अनुरूप है।हालांकि चुनौतियां भी कम नहीं हैं। कई एयरलाइंस आर्थिक दबाव का सामना कर चुकी हैं। ईंधन की ऊंची कीमतें, जटिल टैक्स ढांचा, सीमित एयरपोर्ट स्लॉट, परिचालन लागत और प्रशिक्षित मानव संसाधन की कमी विकास की गति को प्रभावित करती है। छोटे हवाई अड्डों की व्यावसायिक व्यवहार्यता भी एक गंभीर प्रश्न है, वहां इंफ्रास्ट्रक्चर तो बन जाता है, पर यात्री संख्या और उड़ानों की निरंतरता सुनिश्चित करना चुनौती बना रहता है। सुरक्षा और पर्यावरणीय संतुलन भी इस क्षेत्र की अनिवार्य जरूरतें हैं। बढ़ते हवाई यातायात के साथ सुरक्षा मानकों को और सख्त करना होगा। एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट, विमान रखरखाव और तकनीकी निगरानी को विश्वस्तरीय बनाना आवश्यक है। साथ ही कार्बन उत्सर्जन कम करने और हरित ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। यह भी जरूरी है कि एविएशन सेक्टर केवल महानगरों तक सीमित न रहे। उत्तर-पूर्व, पहाड़ी और दूरदराज क्षेत्रों में हवाई संपर्क जीवनरेखा का काम कर सकता है। मेडिकल इमरजेंसी, आपदा प्रबंधन और आवश्यक सेवाओं के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण है। इसलिए नीतियों में लाभ के साथ सामाजिक उपयोगिता को भी बराबर महत्व मिलना चाहिए। भारत जैसा विशाल और उभरती अर्थव्यवस्था वाला देश अभी एविएशन संभावनाओं का केवल एक छोटा हिस्सा ही उपयोग कर पाया है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि भारत का एविएशन सेक्टर सही दिशा में आगे बढ़ रहा है, लेकिन यात्रा अभी अधूरी है। दीर्घकालिक नीति, स्थिर निवेश, कौशल विकास, तकनीकी नवाचार और पर्यावरण-अनुकूल दृष्टिकोण अपनाकर ही इस क्षेत्र को वास्तव में सशक्त बनाया जा सकता है।

## संक्षेप

### कार दुर्घटना में चालक की मौत, युवक घायल

**रायबरेली-सुल्तानपुर हाईवे पर हुआ हादसा, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव**

अमेठी , जायस रायबरेली-सुल्तानपुर नेशनल हाईवे पर देर रात एक तेज रफ्तार अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में कार चालक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना बहादुरपुर ब्लॉक के पास हुई। अर्टिगा कार बिजली के खंभे को तोड़ते हुए बहादुरपुर ब्लॉक की बाउंड्री से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बिजली का खंभा, ब्लॉक की बाउंड्री और वाहन तीनों बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।दुर्घटना में कार चालक सतीश (30 वर्ष, निवासी बागराजपुर, सुल्तानपुर) और वाहन सवार रोहित (30 वर्ष, पुत्र सुरेंद्र कुमार, निवासी शाहगंज, सुल्तानपुर) गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर बहादुरपुर चौकी प्रभारी अतेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों घायलों को तत्काल सीएचसी फुरसतगंज भिजवाया। वहां मौजूद चिकित्सक डॉ. विजय कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया। रविवार सुबह जिला अस्पताल में सतीश की मौत हो गई। घायल रोहित ने बताया कि वह किराए की अर्टिगा कार से अपनी बहन को कानपुर उसकी ससुराल छोड़ने गया था और वापसी के दौरान यह हादसा हुआ। उधर, कोतवाली प्रभारी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि अभी तक घटना की कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### गौरीगंज में बनेगा रिंग रोड

**डीपीआर को मिली केंद्रीय मंत्रालय की मंजूरी, सांसद किशोरी लाल ने की थी पहल**

अमेठी , गौरीगंज में रिंग रोड के निर्माण को सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-128 के चार-लेन डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) में गौरीगंज बाईपास/रिंग रोड को शामिल किया है। यह उपलब्धि सांसद किशोरी लाल शर्मा के निरंतर प्रयासों का परिणाम मानी जा रही है, जो संसद से लेकर क्षेत्रीय स्तर तक सक्रिय रहे हैं।सांसद किशोरी लाल शर्मा ने अमेठी की क्षेत्रीय समस्याओं को संसद के प्रत्येक सत्र में मजबूती से उठाया है। सड़क, यातायात, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे जैसे मूलभूत विषयों पर उनकी सक्रियता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उन्होंने गौरीगंज रिंग रोड के मुद्दे को केवल पत्राचार तक सीमित नहीं रखा, बल्कि संबंधित मंत्रालयों, अधिकारियों और संसदीय मंचों पर लगातार प्रभावी ढंग से उठाया। सांसद के इन्हीं प्रयासों के परिणामस्वरूप, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने इस मांग पर गंभीरता से विचार किया। मंत्रालय ने गौरीगंज बाईपास/रिंग रोड को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-128 के चार-लेन डीपीआर में शामिल करने की सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अमेठी जैसे ऐतिहासिक और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र में रिंग रोड जैसी बुनियादी विकास परियोजना न केवल यातायात समस्या का समाधान करेगी। बल्कि क्षेत्र को एक नई विकास पहचान भी प्रदान करेगी।

# नानपारा लखीमपुर हाईवे पर अनियंत्रित ट्रक से कुचलने से महिला की दर्दनाक मौत

**अमन लेखनी समाचार**



मोतीपुर, बहराइच। नानपारा लखीमपुर हाईवे पर परवानी गौढी बैरियर के पास अनियंत्रित ट्रक ने सड़क के किनारे ठेला लगाये महिला दुकानदार को कुचल दिया सूचना पर पंहुची मोतीपुर पुलिस ने क्रेन मँगवाकर महिला के क्षत विक्षत शव को ट्रक के नीचे से निकलवाया जबकि ट्रक की चपेट में आई अपाची मोटरसाइकिल फंसी रही। मौके पर मौजूद लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई घटना के बाद ट्रक ड्राइवर व मोटरसाइकिल सवार मौके से फरार है।

नानपारा लखीमपुर हाईवे पर मोतीपुर थाना क्षेत्र के परवानी गौढी बैरियर के पास मंगलवार को दोपहर लगभग 12-30 बजे एक दर्दनाक हादसे में सड़क के किनारे ठेला लगाकर अपने परिवार का जीवन यापन करने वाली एक महिला दुकानदार इमरती देवी 50 वर्ष पत्नी लक्ष्मण गुप्ता की मौत हो गई मौजूद लोगों के अनुसार महिला अपने ठेले पर बैठी थी इस दौरान लखीमपुर की ओर से आ रही ट्रक नंबर RJ11GC3611 अनियंत्रित होकर महिला के ठेले पर चढ़कर महिला को कुचलते हुए सड़क के किनारे चली गई महिला ट्रक के पहिये के नीचे दब गई इसी दौरान महिला के ठेला के पास खड़ी अपाचे मोटरसाइकिल भी ट्रक के पहियों में फँसकर बुरी तरह टूट गई जबकि बाइक सवार ने भागकर जान बचाई घटना के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रदुम्न सिंह के साथ मौके पर पंहुची मोतीपुर पुलिस ने क्रेन मँगवाकर किसी तरह महिला के शव को ट्रक के नीचे से निकलवा जबकि ट्रक के नीचे बुरी तरह फँसी मोटरसाइकिल को निकलवाने के लिए एक और क्रेन को मँगवाया गया है पुलिस ने महिला के शव को सीएचसी भेजवाया।थानाध्यक्ष मोतीपुर आनन्द चौरसिया ने बताया कि महिला के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु बहराइच भेजा जा रहा है तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# अतिक्रमण हटाने के लिए एसडीएम ने बैठक कर बनाई रणनीति

## 32 गांवों में 274 अतिक्रमण चिह्नित, 46 हटाए जा चुके

**अमन लेखनी समाचार**

**मिथिलेश जायसवाल**



मोतीपुर, बहराइच। भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में 0 से 15 किलोमीटर आसपास में हुए सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण हटाने के लिए एसडीएम मिहींपुरवा रामदयाल ने संबंधित अधिकारियों के साथ तहसील में बैठक कर रणनीति तैयार की है। बैठक में एसएसबी 59 वीं वाहिनी व 70 वीं वाहिनी के उप कमांडेंट के साथ ही वन क्षेत्राधिकारी मोतीपुर, ककरहा, मुर्तिहा ,सुजौली, धमार्पुर , निशानगाड़ा ,कतर्नियाघाट चकिया सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद अतिक्रमण हटाने पर रणनीति तैयार की गई जिसमें पुलिस व एसएसबी के संयुक्त सहयोग लेने पर सहमति बनी। मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत भारत नेपाल सीमा से सटे 32 गांव में 274 अनाधिकृत अतिक्रमण हटाए जाने के लिए चिन्हित किया गया है जिनमें से 271 राजस्व के तथा तीन वन विभाग की सीमा क्षेत्र से संबंधित है ।उक्त अधिकृत अतिक्रमण के 274 प्रकरणों के सापेक्ष 43 राजस्व विभाग व 3 वन विभाग से राजस्व विभाग पुलिस की टीम द्वारा हटाया जा चुके हैं शेष अन्य अतिक्रमण को जल्द हटाने की प्रक्रिया शुरू होगी। एसडीएम रामदयाल ने बताया कि चिन्हित अतिक्रमण को जल्द हटाया जाएगा जिसमें राजस्व वन विभाग एसएसबी पुलिस की संयुक्त टीम काम करेगी।

### बन्दूक से तोड़ी मटकी, वीडियो वायरल, जाँच में जुटी पुलिस

**उपस्थित जन समूह के अनुनय पर सम्पूर्ण सतर्कता से फोड़ी गई थी मटकी: सूत्र**

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के रायगंज में रायफल से मटकी फोड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, पुलिस जांच में जुटी। खबर है कि मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे खैरीघाट थाना क्षेत्र में रायफल से मटकी फोड़े जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी वायरल हो रहा है। वीडियो रायगंज का बताया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक रायगंज में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया था तथा समापन पर मटकी फोड़ने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एक व्यक्ति द्वारा राइफल से मटकी फोड़ते देखा जा रहा है। वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वही पंडाल में सैकड़ो लोग मौजूद दिखाई दे रहे हैं। वीडियो 28 जनवरी का बताया जा रहा है। थानाध्यक्ष आनंद सिंह ने बताया कि जांच एवं कार्यवाही पूरी की जा रही है।

### मांगलिक कार्यक्रम से लौट रहे भाजपा कार्यकर्ता पर हमला

**दबंगों के विरुद्ध अभियोग हुआ दर्ज**

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले खैरीघाट थाना क्षेत्र के लौकिहा शिवपुर ब्लॉक निवासी अनुराग मिश्रा पुत्र राजकुमार मिश्रा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह सोमवार रात करीब 11 बजे तिगड़ा गांव निवासी सचिन वर्मा के यह निमंत्रण से वापस लौट रहे थे। तभी पीछे से कुछ लोगों ने मक्का पुरवा चौराहे के पास गाड़ी रोककर भद्दी भद्दी गाली देते हुए लाठी डंडा लेकर मारने के उद्देश्य से दौड़ा लिया। इस दौरान अमन वर्मा, शैलेन्द्र शुक्ला, शिवा त्रिवेदी और कौशिक गुप्ता ने बचाया। अनुराग मिश्रा ने बताया कि हाल ही में पूर्व विधायक के बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। उसी की अदावत को लेकर हमला किया गया है। थानाध्यक्ष आनंद सिंह ने बताया कि गुलाम सैय्यद, पंकज वर्मा, अंकित वर्मा व एक अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जांच की जा रही है। दबंगों के विरुद्ध कार्यवाही अवश्य सुनिश्चित होगी।

# एस.आर. मैरिज लॉन कैसरगंज में भव्य खिचड़ी भोज

## भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय राय ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियाँ

**अमन लेखनी समाचार**




कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज स्थित एस.आर. मैरिज लॉन में खिचड़ी भोज कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं अवध क्षेत्र के प्रभारी संजय राय शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजय राय ने कहा कि भाजपा सरकार ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्व के मूल मंत्र पर चलते हुए समाज के हर वर्ग के हित में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में प्रस्तुत किया गया आम बजट किसान, युवा, महिला, व्यापारी और मध्यम वर्ग के लिए अत्यंत लाभकारी है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और विकास की गति और तेज होगी।

संजय राय ने कहा कि भाजपा की नीतियाँ केवल वादों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि जमीन पर दिखाई देने वाले परिणाम दे रही हैं। उन्होंने जनता से सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान भी किया।

इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, गौरव वर्मा, विजय सिंह रैकवार, नीरज एडवोकेट, मीडिया प्रभारी सुभाष त्रिपाठी, राम निवास वर्मा, संदीप सिंह बिसेन, मुन्ना सिंह, सुवेद्ध वर्मा (जिला उपाध्यक्ष), रमन सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में श्रद्धा, सामाजिक समरसता और भाईचारे का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिससे आयोजन सफल और यादगार बना।

# मोतीपुर रेंज क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला तेंदुए का शव

**अमन लेखनी समाचार**

मोतीपुर, बहराइच। खेत में एक मृत्यु तेंदुए का शव मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया मौके पर सैकड़ो की संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने तेंदुए के शव को कब्जे में लेकर रेंज कार्यालय ले आई और उसका पोस्टमार्टम करवाया वही वन विभाग इसे आपसी संघर्ष बता रहा है वहीं लोगों में चर्चा इसके संदिग्ध मौत की भी हो रही है। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के मोतीपुर वन क्षेत्र अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र पकड़िया दीवान गांव के पास रामपुर जाने वाली सड़क के किनारे खेत में राहगीरों ने एक मृत अवस्था में तेंदुआ पड़ा देखा। जिसकी सूचना वन विभाग को दी सूचना पर मौके पर पंहुची प्रभारी वन क्षेत्राधिकारी मोतीपुर के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने मृत तेंदुए के शव को रेंज कार्यालय ले गई जहां पर उच्चाधिकारियों के निर्देश पर गठित पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा तेंदुए के शव का पोस्टमार्टम किया गया जिसके बाद विसरा को सुरक्षित करते हुए तेंदुए



के शव को नष्ट कर दिया गया है ।प्रभारी वन क्षेत्राधिकारी धर्मेंद्र प्रताप कनौजिया ने बताया कि सड़क के किनारे खेत में मृत मिले तेंदुए की मौत आपसी संघर्ष से हुई है जिसकी उम्र लगभग एक वर्ष है तथा तेंदुआ मादा थी। तेंदुए का शव मिलने के बाद से क्षेत्र में अन्य तेंदुआ होने की आशंका से लोग दहशत में है।

# माशूपुर ने जीता टाइगर क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल

**अमन लेखनी समाचार**



बाबागंज, बहराइच। कलवारी क्रिकेट मैदान में आयोजित टाइगर क्रिकेट टूनार्मेंट में मासुपुर एजाज इलेवन ने आजाद इलेवन रूपईडीहा को 56 रन से हरा कर चैंपियन का खिताब अपने नाम कर लिया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए एजाज इलेवन ने टीम के खिलाड़ी फिरोज 59, अलोक 40 और वीरेंद्र 46 के ताबड़तोड़ रनों की पारी के साथ निर्धारित 14 ओवरों में 220 रन का बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया। जीत के लिए आजाद इलेवन को 221 रनों का लक्ष्य मिला। जवाबी पारी खेलने उतरी आजाद इलेवन की टीम ने मारूफ के घातक गेंदबाजी के आगे घुटने टेक दिए और निर्धारित 14 ओवर में छः विकेट खो कर 164 रन पर ही ढेर हो गई। एजाज इलेवन की टीम ने 56 रन से जीत दर्ज कर कप पर कब्जा जमा लिया। मैन ऑफ द मैच अलोक को,मेन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार फैजान को दिया गया। इससे पूर्व प्रतियोगिता के उदघाटन में बतौर मुख्य अतिथि कोतवाल रूपईडीहा रमेश सिंह रावत ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर खिलाड़ियों से खेल भावना को ध्यान में रखते हुए अनुशासनिक ढंग से खेलने की सलाह दी। इस मौके पर चौकी प्रभारी बाबागंज शिवेश शुक्ला सहित टूनार्मेंट आयोजक प्रवीण सिंह, अंकुर श्रीवास्तव, रमजान खान, महफूज अली,शिवपूजन सिंह, पप्पू सिंह, रामसिंह, अतुल सिंह, मदन वर्मा, अमन सिंह, दस्तगीर, दुर्गेश वर्मा सहित सैंकड़ो क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

# 'अविमुक्तेश्वरानंद विपक्ष का रोल अदा कर रहे'

## अलीगढ़ में राजभर ने कहा- राजनीति करनी है तो झंडा-डंडा लेकर मैदान में आएं

**अमन लेखनी समाचार**



अलीगढ़ , उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने अलीगढ़ में तीखे तेवर दिखाए। उन्होंने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के बयानों पर कड़ा ऐतराज जताते हुए उन्हें राजनीति के मैदान में उतरने की चुनौती दे डाली। राजभर ने स्पष्ट कहा कि साधु-संतों का काम समाज में भाईचारा फैलाना है, न कि राजनीतिक दलों की तरह 'पाटीबंदी' करना।

### विपक्ष का रोल अदा कर रहे हैं महाराज

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर कटाक्ष करते हुए राजभर ने कहा कि वह आजकल एक धर्मगुरु के बजाय विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा, साधु-संत का काम होता है समाज में अमन-चैन कायम करना और अपने धर्म की सही जानकारी देना। कोई भी धर्म आपस में बैर करना नहीं सिखाता, लेकिन शंकराचार्य जी जिस तरह मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के खिलाफ बोल रहे हैं और कानून को हाथ में ले रहे हैं, वह अच्छी बात नहीं है। राजभर ने आगे कहा कि यदि उन्हें राजनीति ही करनी है, तो फिर उन्हें खुलकर मैदान में आ जाना चाहिए। उन्हें किसी राजनीतिक दल को जॉइन कर उस पार्टी का झंडा-डंडा लेकर जनता के बीच निकलना चाहिए, क्योंकि महात्माओं को ऐसी राजनीति शोभा नहीं देती।

### जब भी दलित-पिछड़ों को हक मिला, तब-तब हुआ विरोध

आरक्षण के मुद्दे पर राजभर ने दलितों और पिछड़ों के अधिकारों की पुरजोर वकालत की। उन्होंने कहा कि देश का इतिहास गवाह है कि जब-जब दलितों और पिछड़ों के अधिकारों की बात आई है, तब-तब कुछ लोगों ने उसका पुरजोर विरोध किया है। उन्होंने मंडल कमीशन का उदाहरण देते हुए कहा कि जब यह लागू हुआ था, तब पूरे देश में विरोध की लहर थी, लेकिन अंत में 27 प्रतिशत पिछड़ों को उनका संवैधानिक अधिकार मिला।17 सामान्य वर्ग के लोग थे ने वऋ्रउ नियमों पर सफाई देते हुए कहा कि नियम बनाने वाली कमेटी में 17 लोग सामान्य वर्ग के थे

# आरटीई से निजी स्कूलों में बच्चों का दाखिला

## अमेठी में 2 फरवरी से 25 मार्च तक चलेगा अभियान, 8300 बच्चों को मिलेगा प्रवेश

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी जिले में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में गरीब और जरूरतमंद बच्चों के दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस अभियान के तहत जिले के कुल 600 निजी स्कूलों में 8300 बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। आरटीई योजना के लिए आवेदन फरवरी से शुरू हो गए हैं। यह प्रक्रिया तीन चरणों में 25 मार्च 2026 तक चलेगी। इस योजना के तहत, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को कक्षा 1 से 8 तक की शिक्षा निजी स्कूलों में पूरी तरह निःशुल्क प्रदान की जाएगी। इच्छुक अभिभावक अपने बच्चों के दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट किया जा सकता है। ऑफलाइन आवेदन के लिए कोई काउंटर नहीं खोला गया है। आवेदन के लिए अभिभावक की वार्षिक आय 1 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, फोटो और आधार कार्ड जैसे दस्तावेज आवश्यक होंगे ।इस वर्ष अमेठी जिले में 8300 बच्चों को इस योजना का लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार का उद्देश्य है कि शत-प्रतिशत पात्र बच्चों को निजी स्कूलों में निःशुल्क शिक्षा का अवसर मिले। बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी ने बताया कि निःशुल्क बाल शिक्षा अधिकार अभियान के अंतर्गत हम सब इस अभियान के जागरूकता प्रचार प्रसार के लिए काम कर रहे हैं ।इस अभियान में अभिभावकों से अनुरोध है कि वे अपने आवेदन दर्ज कराए ।उन्होंने कहा कि जनपद में जो एडमिशन का लक्ष्य दिया गया है उसे पूरा किया जाएगा ।प्रक्रिया तीन चरणों में संपादित होनी है ।जनपद के करीब 600 से अधिक स्कूलों को इस अभियान में चयनित किया गया है जो टॉप क्लास के हैं।

# 22 पीड़ितों को 9.32 लाख वापस मिले

## प्रतापगढ़ पुलिस ने साइबर ठगी की धनराशि कराई रिकवर

**अमन लेखनी समाचार**

प्रतापगढ़ , साइबर अपराध के शिकार हुए 22 लोगों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। जनपदीय साइबर सेल और साइबर क्राइम थाना प्रतापगढ़ की टीम ने कुल 9,32,938 रुपये की धनराशि पीड़ितों के खातों में सफलतापूर्वक वापस कराई है ।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर के निर्देश पर साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से कार्रवाई की गई। एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायतों और पीड़ितों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्रों की जांच की गई। जांच के दौरान, साइबर सेल और साइबर क्राइम थाना की टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर ठगी से संबंधित खातों की पहचान की। टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए ठगी गई धनराशि को पीड़ितों के बैंक खातों में पुनः जमा कराया। जांच में सामने आया कि ये ठगी की घटनाएं यूपीआई, इंटरनेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड फ्रॉड और अन्य ऑनलाइन माध्यमों से की गई थीं। अपनी धनराशि वापस मिलने पर पीड़ितों ने जनपदीय उच्चाधिकारियों, साइबर सेल और साइबर क्राइम थाना प्रतापगढ़ की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।




# अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह का एक और सदस्य गिरफ्तार

## ऑनलाइन गेमिंग, फर्जी ट्रेडिंग और लोन ऐप से करता था जालसाजी

**अमन लेखनी समाचार**




प्रतापगढ़ , साइबर पुलिस ने अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह के एक और सदस्य को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी ऑनलाइन गेमिंग, फर्जी ट्रेडिंग और लोन ऐप के माध्यम से की जा रही ठगी के एक मामले में हुई है। इस प्रकरण में अब तक कुल 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस को एक पीड़ित की शिकायत मिली थी, जिसमें लोन दिलाने के बहाने बैंक खाते खुलवाने और उनका साइबर अपराध में उपयोग करने का आरोप था। इसी शिकायत के आधार पर जांच चल रही थी ।साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक दिवाकर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सूरज यादव को जौनपुर के कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत सदर चौराहे से राजापाल टंकी की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित कांशीराम कॉलोनी, के.पी. कॉलेज ग्राउंड के पास से गिरफ्तार किया। सूरज यादव बस्ती जिले के हरैया थाना क्षेत्र के खम्हरिया गंगाराम गांव का निवासी है ।अभियुक्त के कब्जे से एक मोबाइल फोन, पांच सिम कार्ड, दस डेबिट कार्ड और एक बैंक पासबुक बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पंकज कुमार अग्रहरि के संपर्क में था, जो साइबर ठगी से जुड़े एक संगठित गिरोह का सदस्य है ।गिरोह भोले-भाले लोगों को लोन का लालच देकर उनके बैंक खाते खुलवाता था।

## संक्षेप

### 27 वर्षों बाद हत्यारा नौकरी से सेवानिवृत्त, भेजा गया जेल

मिर्जापुर। मड़िहान थाना क्षेत्र के पचोखरा खुर्द गांव निवासी को वर्षों पहले हत्या के आरोप में जिला कोर्ट से आजीवन कारावास की सजा हुई थी। वही उच्च न्यायालय से जमानत पर छूटा था, फर्जी दस्तावेज लगाकर केंद्र सरकार की 27 वर्ष नौकरी करने के बाद सेवा निवृत हो गया। भतीजे ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और खोली पोल, न्यायालय में अपील के बाद आरोपी को दिलवाई सजा। गांव निवासी कृष्णपाल सिंह ने अपने ही चाचा अमरनाथ सिंह पुत्र गुरुचरण सिंह के खिलाफ जनपद न्यायालय में सन 2024 में 156/3 के तहत अपील दर्ज कराई कि आरोपी 16 जनवरी सन 1984 में गांव के ही राजबली सिंह की हत्या की थी।जिसका एफआईआर मुकदमा अपराध संख्या 5/1984 मड़िहान थाने में दर्ज है। हत्या के आरोप में जिला कोर्ट द्वारा दोषी पाए जाने पर 26 अक्टूबर 1985 को भारतीय दंड संहिता 302, 149, 307, 148, में अर्थ दंड के साथ आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।इससे बचने के लिए आरोपी ने हाईकोर्ट की शरण ली थी जहां से न्यायालय ने अपील पर छोड़ा था। वही सन 1989 में भारत सरकार उपक्रम एन टी पी सी में भर्ती शुरू हुई थी। आरोपी पहले से ही टेक्निकल कोर्स किया हुआ था। कुट रचित तरीके से उस समय के तत्कालीन ग्राम प्रधान मुरली के फर्जी मोहर, दस्खत से चरित्र प्रमाण पत्र बनाकर 13 मार्च 1989 को बिजपुर रिंहद नगर एन टी पी सी में नौकरी पर लग गया। 27 वर्षों तक सरकार की आंखों में धूल झोंकते हुए बेखौफ सरकारी धन पर कब्जा जमाए रहे। सन 2016 में रिटायर्ड होकर घर पहुंचकर सरकारी पेंशन का लाभ लेते रहे। और पैसे के जोर पर अचल संपत्ति में हिस्सेदारी में भी हिला हवाली करने लगे।

### ओपन क्लासिक बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में उतरौला के इमामुद्दीन जैन खान ने चौथा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया।

उतरौला/बलरामपुर इंडियन फिटनेस एंड बॉडीबिल्डिंग फाउंडेशन द्वारा बाराबंकी में आयोजित मिस्टर इंडिया माइन क्लासिक 2026 के ओपन क्लासिक बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में उतरौला के इमामुद्दीन जैन खान ने चौथा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया। साथ ही 70 से 75 किलोग्राम भार वर्ग बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप के टॉप फाइव में चयनित होकर उतरौला का नाम रोशन किया। मिस्टर इंडिया क्लासिक 2026 में देश के कई राज्यों के बॉडी बिल्डरों ने अपने शारीरिक कौशल का प्रदर्शन किया। जिसमें उतरौला के 28 वर्षीय इमामुद्दीन जैन खान ने अपने शानदार शारीरिक बनावट व कौशल का प्रदर्शन करते हुए मिस्टर इंडिया माइन क्लासिक 2026 के ओपन क्लासिक बॉडी बिल्डिंग में चौथे स्थान पर कब्जा कर उतरौला के युवा बॉडी बिल्डरों में उत्साह भर दिया। मिस्टर इंडिया माइन क्लासिक 2026 में चौथा स्थान प्राप्त करने वाले उतरौला के इमामुद्दीन जैन खान को आयोजक की ओर से ट्राफी, मेडल, प्रमाण पत्र व अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया।इससे पूर्व वर्ष 2023 में जैन खान मिस्टर गोंडा का खिताब अपने नाम कर चुके हैं। तथा मिस्टर लखनऊ एवं अयोध्या महोत्सव में हुए बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में भी पदक हासिल कर चुके हैं।

## एकदिवसीय रामलीला में भक्तों का उमड़ा जन सैलाब

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे के बड़े तालाब के समीप एकदिवसीय मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की धनुष यज्ञ समारोह महोत्सव आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ कस्बे की एक बुजुर्ग महिला से फीता काट कर कराया गया आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे थाना प्रभारी विनोद पटेल अमौली चौकी प्रभारी दिग्विजय सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी तथा बुजुर्ग महिला को सम्मानित किया गया एकदिवसीय रामलीला में उत्तर भारत के सुविख्यात कलाकारों का समागम रहा जहां रामलीला के कलाकारों ने सजीव चित्रण मंच के माध्यम से भक्तों को दिग्दर्शित कराया राजा जनक के द्वारा भगवान शंकर के धनुष को तोड़ने वाले के साथ वैदेही सीता के विवाह की प्रतिज्ञा की गई जिसकी प्रणपूर्ति के लिए देश देशांतर के राजा का उपस्थित हुए परंतु किसी के द्वारा अजगव का खंडन नहीं हुआ जिसे देख एक बेटी के पिता मिथिला पति जनकनरेश का करुण विलाप मंच के माध्यम से प्रदर्शित हुआ जिसे सुनकर भक्तों में अश्रु धारा बहने लगी वहीं गुरु आज्ञा के पश्चात भगवान श्री राम द्वारा धनुष का खंडन हुआ तथा वैदेही सीता के साथ भगवान राम का स्वयंवर संपन्न हुआ जयमाला पड़ते ही भक्तों ने जमकर जय श्री राम के जयकारे लगाए वही प्रातः काल भगवान परशुराम तथा लक्ष्मण के स्वरूप में कानपुर महानगर से पधारे सुविख्यात लक्ष्मण अभिनेता पंडित मनोज पाण्डेय के बीच तार्किक संवाद घंटों तक चला इस मौके पर समिति के अध्यक्ष रवि ओमर रावण अभिनेता फूलचंद सैनी सेवानिवृत शिक्षक मूलचंद सैनी समेत समिति के सभी सदस्य व भारी संख्या में दर्शक गण मौजूद रहे

## विदाई समारोह में सम्मानित हुए सेवानिवृत अकाउंटेंट इकबाल अहमद

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड मुख्यालय में कार्यरत अकाउंटेंट इकबाल अहमद के सेवा निवृत्त होने के अवसर पर मुख्यालय प्रांगण में सम्मान समारोह आयोजित किया गया आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख आयोजक खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार शिवहरे ने सेवानिवृत होने वाले अकाउंटेंट इकबाल अहमद को माल्यार्पण करते हुए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया कार्यक्रम में मौजूद विकासखंड के अधिकारी कर्मचारी समेत क्षेत्रीय ग्राम प्रधानों ने भी इकबाल अहमद के कार्यकाल की जमकर सराहना की आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित हुए अकाउंटेंट इकबाल अहमद ने प्रांगण में मौजूद सभी अधिकारी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों समेत खंड विकास अधिकारी का सादर आभार व्यक्त किया इस मौके पर अमौली विकासखंड के एडिओ पंचायत विनोद कुमार मुन्नालाल आर्य कुमार पाण्डेय सुशील उमराव राकेश साहू ग्राम प्रधान अमौली पति प्रकाश चंद्र उर्फ बंटू सोनकर समेत भारी संख्या में अधिकारी कर्मचारी व क्षेत्रीय प्रधानों ने पहुंचकर माल्यार्पण करते हुए सेवानिवृत्त कर्मचारी को भावभीनी विदाई दी

## खेलकूद प्रतियोगिता में विकास विद्या मंदिर के बच्चों ने लहराया परचम



अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद/फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के जहानाबाद स्थित प्रतिष्ठित विद्यालय विकास विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जहानाबाद फतेहपुर के बच्चों ने खेलकूद प्रतियोगिता में क्षेत्रीय युवक समारोह के मंच पर शानदार सफलता हासिल की कहते हैं कि प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती जो अपने मुखोटे को समाज के सामने अपने दम पर प्रस्तुत करती है उसी का जीवंत उदाहरण विकास विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के हुनरमंद छात्र जिन्होंने क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में विकास विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का नाम जिले में रोशन किया जिसमें सीनियर वर्ग में मयंक सोनकर कक्षा 11 ने हैमर में प्रथम स्थान गोला फेक में द्वितीय स्थान और चक्र में प्रथम स्थान पाया वहीं जूनियर में रचित यादव कक्षा 9 400 मीटर दौड़ एवं गोला में तृतीय स्थान प्राप्त किया शिवा वर्मा कक्षा 9 100 मीटर दौड़ में स्थान प्राप्त किया दुर्गेश कक्षा 9 ने 600 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया नैतिक उत्तम ने 400 मीटर रेस में तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं नितिन कक्षा 11 में हैमर थ्रो में द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिन्हें विद्यालय के संचालक विवेक उत्तम ने प्रमाण पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया इस मौके पर विद्यालय के संचालक विवेक उत्तम व सभी शिक्षकों ने बच्चों की सफलता पर बधाइयां प्रेषित की।

## रालोद ने 5 जिलों के अध्यक्ष बदले

### मेरठ में सबसे कम उम्र के अनिकेत भारद्वाज को कमान

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , राष्ट्रीय लोकदल ( रालोद ) ने 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों के तहत संगठन में बड़े फेरबदल किए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जयन्त चौधरी ने मेरठ सहित पांच जिलों के जिलाध्यक्षों को बदला है। मेरठ में सबसे कम उम्र के अनिकेत भारद्वाज को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मेरठ में मतलूब गौड़ के स्थान पर 29 वर्षीय अनिकेत भारद्वाज को नया जिलाध्यक्ष बनाया गया है। अनिकेत वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य हैं। इसके अतिरिक्त, मुजफ्फरनगर में संजय राठी, बिजनौर में ओमपाल कश्यप, अलीगढ़ में एडवोकेट कालीचरण और बदायूं में मुकेश चौधरी को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पार्टी ने भाजपा की तर्ज पर प्रदेश को तीन हिस्सों में बांटकर क्षेत्रीय अध्यक्ष भी नियुक्त किए हैं। शामली निवासी और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तरसपाल मलिक को हस्तिनापुर क्षेत्र ( पश्चिम क्षेत्र ) का क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। बुलंदशहर के राजीव चौधरी को क्षेत्रीय मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। काशी क्षेत्र में राम आसरे विश्वकर्मा और कानपुर क्षेत्र में नरेंद्र यादव को क्षेत्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।मात्र 29 वर्ष की आयु में अनिकेत भारद्वाज को यह बड़ी जिम्मेदारी मिलने से मेरठ के राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। पार्टी ने जातीय समीकरण साधने के साथ ही युवा नेतृत्व पर बड़ा दांव खेला है। एडवोकेट अनिकेत भारद्वाज संगठन में लंबे समय से सक्रिय हैं और वह युवा लोकदल में राष्ट्रीय सचिव तथा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रह चुके हैं। उनके पिता सोहित कुमार त्यागी ( एडवोकेट ) सरधना बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष, रालोद के जिला उपाध्यक्ष और युवा लोकदल के पूर्व प्रदेश सचिव रहे हैं।

## जीआईसी में बिजली गुल, मोबाइल टॉर्च से सुनवाई

### एसआईआर नोटिसों की सुनवाई में अव्यवस्था, जनरेटर-इन्वर्टर नहीं, हॉल में भीड़

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,एसआईआर के नोटिसों की सुनवाई के दौरान व्यवस्थाओं में अव्यवस्था सामने आई है। राजकीय इंटर कॉलेज ( जीआईसी ) परिसर में बिजली गुल होने और इनवर्टर-जनरेटर की सुविधा न होने के कारण मोबाइल टॉर्च की रोशनी में काम करना पड़ा। सुनवाई स्थलों पर सहायक ईआरओ की अत्यधिक संख्या के कारण भी भीड़ और परेशानी देखी गई। जीआईसी परिसर के दो कमरों में सुनवाई के दौरान कई घंटों तक बिजली गुल रही। सुबह से गुल हुई बिजली शाम 4:30 बजे तक भी नहीं आई। इनवर्टर और जनरेटर जैसी वैकल्पिक व्यवस्था न होने के कारण सहायक ईआरओ को मोबाइल फोन की टॉर्च का उपयोग करके अपना काम जारी रखना पड़ा। तहसील सदर कार्यालय परिसर में मेरठ दक्षिण, शहर और कैंट विधानसभा क्षेत्रों की सुनवाई चल रही है। यहां एक-एक हॉल में 20 से 30 सहायक ईआरओ को बैठाया गया है, जिससे जगह कम पड़ रही है और मतदाता परेशान हो रहे हैं। जागृति विहार स्थित खंड विकास रजपुरा कार्यालय सभागार में भी मेरठ दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के 15 से अधिक सहायक ईआरओ को एक साथ बैठाया गया, जिससे दिनभर भारी भीड़ रही। राजकीय इंटर कॉलेज के दो कमरों में मेरठ कैंट विधानसभा के 12 सहायक ईआरओ सुनवाई कर रहे थे। यहां पिछले तीन दिनों से बिजली आपूर्ति की समस्या बनी हुई है। बिजली न आने पर कई सहायक ईआरओ ने जीआईसी कार्यालय में इसकी सूचना दी, लेकिन उनकी शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

## गाजियाबाद में क्रॉकरी शॉप में भीषण आग लगी

### 40-50 लाख का सामान जला, व्यापारी बोले- सूचना देने के बाद भी फायर ब्रिगेड नहीं पहुंची

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , मसूरी थाना क्षेत्र में रात सलामत गेट के पास एक क्रॉकरी की दुकान में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोग फायर विभाग को कॉल करते रहे। आग की लपटों को देखकर आसपास के व्यापारियों में अफरा तफरी मच गई। बताया गया कि पास में बिजली की लाइन में आग लगी थी, ऐसे में इसी से आग लगनी बताई जा रही है।

#### बाजार में मची अफरा तफरी

आग लगने की सूचना मिलते ही मसूरी थाने के एसएचओ अजय कुमार पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। स्थिति को संभालते हुए फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। आग की लपटें उठती देख आसपास की दुकानों और बाजार में मौजूद लोग मौके पर जुट गए। आग को देखकर लोग वीडियो बनाने में लगे रहे। स्थानीय लोगों के अनुसार आग इतनी तेज थी कि दुकान में रखा 40-50 लाख का सामान जलकर खाक होने की आशंका है। पुलिस ने एहतियातन आसपास की दुकानों को खाली कराया और भीड़ को मौके से दूर किया।एक घंटे तक नहीं पहुंची फायर ब्रिगेड पुलिस और लोगों के द्वारा आग पर काबू पाने का प्रयास किया जाता रहा। लोगों का कहना है कि फायर की गाड़ी एक घंटे तक नहीं पहुंची। जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ गया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की रही है। ऐसे में सवाल है कि एफएसओ और सीएफओ को लेकर पहले भी पुलिस कमिश्नर फटकार लगा चुके हैं।

## 'बच्चियां छोटे कपड़ों में गंदी रील बना रहीं'

### मेरठ में हिंदू सम्मेलन में साध्वी प्राची बोलीं- कॉन्वेंट में बच्चों को पढ़ाना ही नीला ड्रम है

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, आजकल बच्चियां छोटे-छोटे कपड़ों में रील बना रही हैं। इससे लोगों के बीच गलत मैसेज जा रहा है। मैं बच्चियों से कहना चाहती हूं कि छोटे कपड़े पहनकर गंदी रील न बनाएं। यह बात मेरठ में श्लढ नेता साध्वी प्राची ने रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि आजकल लोग अपनी बच्चियों को कॉन्वेंट स्कूलों में पढ़ा रहे हैं। बाद में जब वे ससुराल जाती हैं, तो नीले ड्रम की धमकी देती हैं। कॉन्वेंट की शिक्षा ही ह्यनीला ड्रमह्व है।हमें सुरक्षित रहना है तो एकजुट रहना होगा साध्वी प्राची ने कहा- आज के समय में अगर हमें सुरक्षित रहना है, तो एकजुट रहना होगा। साथ ही अपने धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ानी होगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ( फरर ) पिछले 100 साल से हर क्षेत्र में सक्रिय है। अब संघ हर घर तक पहुंच चुका है।इसी वजह सम्मेलन आयोजित हो रहे हैं। शिक्षा से लेकर अन्य सभी क्षेत्रों में संघ लगातार आगे रहा है। इसके बावजूद कुछ लोग संघ का विरोध कर रहे हैं। उन्हें संगठन से खतरा महसूस हो रहा है। ऐसे लोगों के न तो काम नेक हैं और न ही उनके बाप एक हैं। छोटे कपड़े पहनकर बेटियां गंदी रील बना रहीं आज के दौर में सोशल मीडिया पर रील बनाने का चलन तेजी से बढ़ा है। मैं बेटियों से अनुरोध करती हूं कि वे छोटे कपड़े पहनकर गंदी रील न बनाएं। ऐसी रील बनाएं, जिससे उनके पिता की इज्जत पर आंच न आए। रील ऐसी होनी चाहिए, जिसे देखकर पिता गर्व से कह सकें कि वीडियो में उसकी बेटी है। लव जिहाद को लेकर कहा कि कुछ लोग कलावा पहनकर चमचमाती बाइक पर आते हैं। अपना नाम हैप्पी, पप्पू, कल्लू बताकर लोगों को अपनी बातों में फंसाने का काम करते हैं। कॉन्वेंट की शिक्षा में नीला ड्रम है मेरे एक कार्यक्रम के दौरान नीले ड्रम का भी जिक्र आया था। मैं साफ कहना चाहूंगी कि इस तरह के संस्कार बच्चों में कॉन्वेंट शिक्षा से आ रहे हैं। बच्चियां पढ़कर जब ससुराल जाती हैं, तो नीले ड्रम दिखाकर डराती हैं। हम सरस्वती शिशु मंदिर और गुरुकुल में पढ़े हैं, जहां संस्कार दिए जाते हैं। आज हम अपने संस्कारों को भूलते जा रहे, उन्हें छोड़ रहे हैं। इसी वजह से आजकल के बच्चों में इस तरह के विचार आ रहे हैं और ऐसी घटनाएं हो रही हैं। प्राची ने पहले कहा था- देश को आजादी तकली-चरखे से नहीं मिली इससे पहले 25 दिसंबर को अलीगढ़ में साध्वी प्राची ने कहा था कि देश को आजादी तकली और चरखे से नहीं मिली। भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों के बलिदान से मिली है। इसके बावजूद चरखे वालों को राष्ट्रपिता घोषित कर दिया गया। इतिहास से तकली और चरखे वाली कहावत को उखाड़ फेंकना चाहिए। अगर किसी को राष्ट्रपिता कहना ही है तो सरहिंद की दीवारों से पूछा जाना चाहिए कि बलिदान क्या होता है ? उन्होंने गुरु गोविंद सिंह को राष्ट्रपिता घोषित किए जाने की मांग की थी। कहा था- 4 बॉयफ्रेंड रखने पर घर नहीं बसेगा करीब 6 महीने पहले मुजफ्फरनगर में साध्वी प्राची ने कहा था- जो लड़कियां 4-4 बॉयफ्रेंड रखती हैं, वे कभी घर नहीं बसा सकतीं। हमारी संस्कृति में पति को परमेश्वर माना जाता है। लेकिन, आज की लड़कियां बॉयफ्रेंड बनाने को फैशन समझ रही हैं।

# यूपी ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक और फील्ड ऑफिसर रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना में लोन के बदले मांगी थी 45 हजार की घूस

अमन लेखनी समाचार

बिजनौर । भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बिजनौर जिले के सहसपुर स्थित यूपी ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक और फील्ड ऑफिसर को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक निजी व्यक्ति ( कैजुअल वर्कर ) को भी सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों को शिकायतकर्ता से 45 हजार रुपये की अवैध रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में दबोचा गया है। सीबीआई की ओर से रविवार को जारी प्रेस नोट के अनुसार, इस मामले में 31 जनवरी 2026 को शिकायत प्राप्त होने के बाद केस दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता की पत्नी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत 5 लाख रुपये के ऋण के लिए यूपी ग्रामीण बैंक, सहसपुर शाखा में आवेदन किया था।

#### लोन स्वीकृति के बदले मांगी गई रिश्वत

आरोप है कि बैंक के फील्ड ऑफिसर ने ऋण स्वीकृत करने के बदले पहले 40 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की। बाद में यह मांग बढ़ाकर 45 हजार रुपये कर दी गई। शिकायतकर्ता से लगातार संपर्क कर दबाव बनाया जा रहा था कि यदि रिश्वत नहीं दी गई तो ऋण फाइल आगे नहीं बढ़ेगी। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने मामले की प्रारंभिक जांच की, जिसमें प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए गए। जांच में यह भी सामने आया कि फील्ड ऑफिसर यह अवैध राशि शाखा प्रबंधक के साथ आपसी साजिश के तहत मांग रहा था और एक निजी व्यक्ति (कैजुअल वर्कर) को लेन-देन के लिए माध्यम बनाया गया था। सीबीआई का ट्रैप, तीनों आरोपी गिरफ्तार ,योजना के अनुसार सीबीआई की टीम ने जाल बिछाया और शिकायतकर्ता को निर्देश दिए। तय योजना के तहत जैसे ही आरोपियों ने शिकायतकर्ता से 45 हजार रुपये की रिश्वत स्वीकार की, सीबीआई की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए शाखा प्रबंधक, फील्ड ऑफिसर और निजी व्यक्ति को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है। जांच के दौरान यह भी पड़ताल की जा रही है कि कहीं इस तरह के मामलों में अन्य लोग भी शामिल तो नहीं रहे हैं।

## मोबाइल लुटरे को पुलिस ने मुठभेड के बाद किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



नगीना ।पुलिस ने बड़ी कामयाबी उस समय हासिल की जब युवती से मोबाइल छीनकर भागने वाले युवक को मात्र 24 घंटे में ही मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी अवनीत मान ने बताया कि 30 जनवरी दिन एक युवती ने तहरीर देकर बताया था पुलिस को बताया कि वह अपनी सहेली के साथ खरीददारी के लिए बाजार जा रही थी।जब वह गांधी मूर्ति पार्क से मंडी समिति रोड पर पैदल जा रही थी तो दो लड़के उसका मोबाइल छीनकर भाग गए। पुलिस ने युवती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीमों को लगा दिया गया था।रात करीब आठ बजे जब नगीना पुलिस टीम के थाना प्रभारी अवनीत मान, प्रभारी स्वाट/सर्विलांस टीम इंस्पेक्टर सचिन मालिक, एसआई सोहन सिंह, रामचंद्र, जोगेंद्र बैंसला, मुख्य आरक्षी सन्नी, आरक्षी शेर सिंह व प्रेम आदि टीम अल्हेदादपुर रोड तिराहे पर चेकिंग कर रही थी तो आता हुआ एक व्यक्ति पुलिस को देखकर पीछे मुड़कर भागने लगा।पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर उसने पुलिस पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की तो बदमाश के बाएं पैर में गोली लग गई।जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर थाने गया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार बदमाश ने अपना नाम फुरकान पुत्र अबरार अहमद निवासी मोहल्ला सराय मीर कस्बा व थाना नगीना बताया।

## संक्षेप

### कस्बे में छह लोगों ने पाल रखे है रॉट विलर डॉग

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर। कस्बे में छह लोगों ने प्रतिबंधित रॉट विलर डॉग पाल रखे हैं। परंतु प्रशासन से किसी ने अनुमति नहीं ली है। वहीं किशोर को लहूलुहान करने वाले रॉट विलर के स्वामी के खिलाफ अभी तक किसी तरह की कार्यवाही नहीं हुई है। इससे लोगों में दहशत व्याप्त है। कस्बे के बसपा के नगर अध्यक्ष सागर सम्राट ने प्रतिबंधित रॉटविलर का जोड़ा पाल रखा है। रविवार को शाम को इसने पड़ोस के बच्चे अंश गौतम ( 13 ) को काटकर लहूलुहान कर दिया था। इस घटना से लोगों में दहशत व्याप्त हो गई थी। घायल किशोर का उपचार चल रहा है। यह प्रतिबंधित जीव कैसे लोगों ने बगैर अनुमति के पाल रखे हैं। यह सवाल सब के जेहन में कौंध रहा है। मंगलवार को की गई पड़ताल में कस्बे में छह लोगों ने इस प्रतिबंधित कुत्ते को खुलेआम पाल रखा है। उधर इस घटना के बाद प्रशासन ने इन प्रतिबंधित कुत्तों को पालने वाले पर अभी तक किसी तरह के कार्यवाही नहीं की है। इससे लोगों में दहशत व्याप्त है।

### छात्र-छात्राओं की प्रतिभा के निखार का माध्यम है वार्षिकोत्सव- विधायक

**उज्जवल भविष्य बनाने के लिए मोबाइल से रखे दूर- अध्यक्ष**

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर। भारतीय शिशु मंदिर के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ सदर विधायक डॉ मनोज कुमार प्रजापति ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने की। कार्यक्रम को शुभारंभ करते हुए सदर विधायक ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्र छात्राओं की प्रतिभा में निखार आता है। ऐसे कार्यक्रम सभी विद्यालयों में प्रतिवर्ष अवश्य होनी चाहिए। इससे छात्र छात्राओं का भविष्य उज्जवल बनता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने कहा कि नौनिहालो का भविष्य बनाने के लिए उन्हें मोबाइल की लत से दूर रखें। इस मौके पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने राष्ट्रीय गीत, लोकगीत, नाटक आदि प्रस्तुत करके जमकर तालियां बटोरी। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामबाबू चक्रवर्ती ने अतिथियों को अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए आभार जताया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्वी मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह लाला, पूर्व सभासद कल्लू सिंह चंदेल, अखिलेश साहू, पवन साहू, शैलेंद्र सिंह छोटू, आशीष कुमार, मोहित साहू, दीनदयाल आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी ने जन सुनवाई मे सुनी 40 शिकायतें

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 40 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जन सुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्टेज्ट अरूणिमा श्रीवास्तव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे

# अनुशासन ही जीवन को सही गति एवं दिशा देता है - कुंवर मानवेन्द्र सिंह

## भागवत कथा के प्रथम दिन नावली सरकार प्रांगण में बही अमृत रस की गंगा

अमन लेखनी समाचार/ हेमन्त यादव



गुरसरांय। बुंदेलखंड कुरैठा महोत्सव सत्संग श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह एवं दिव्य प्रेम सेवा मिशन हरिद्वार के संस्थापक अध्यक्ष डॉ.आशीष गौतम भैया जी ने मंत्रोच्चारण के बीच दीप प्रज्वलित कर किया । दिव्य प्रेम सेवा मिशन झांसी अंचल के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत भागवत कथा के मुख्य अतिथि विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने महोत्सव की भव्यता और दिव्यता की प्रशंसा करते हुते कहा कि सभी को अपने जीवन में अनुशासन के साथ आगे बढ़ना चाहिए। अनुशासन ही जीवन को सही गति एवं दिशा देता है। वहीं दिव्य प्रेम सेवा मिशन हरिद्वार के संस्थापक डॉ आशीष गौतम भैया जी ने कहा कि सनातन के उत्थान का समय है वीर भूमि बुन्देलखण्ड के महापुरुषों से प्रेरणा लेकर कार्य करना है। विशिष्ट अतिथि के रूप में राघवेन्द्र सिंह राष्ट्रीय सह संयोजक, श्रद्धा दीदी राष्ट्रीय शक्ति मातृशक्ति, जवाहर लाल राजपूत विधायक गरौठा रहे। मुख्य अतिथि कुंवर मानवेन्द्र सिंह का स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम के संयोजक डा. जगदीश सिंह चौहान, दिव्य प्रेम सेवा मिशन हरिद्वार के संस्थापक डॉ० आशीष भैया जी का स्वागत एवं सम्मान सह संयोजक केशव सिंह परिहार, राघवेन्द्र सिंह राष्ट्रीय सह संयोजक का स्वागत एवं सम्मान अरविंद सिंह चौहान ऊरई, दीदी श्रद्धा सिंह राष्ट्रीय प्रभारी मातृ शक्ति का स्वागत एवं सम्मान बहिन अपर्णा वीरांगना राष्ट्रीय सह संयोजिका मातृशक्ति एवं गरौठा विधायक जवाहर लाल राजपूत का स्वागत एवं सम्मान शिवशंकर सिंह अंचल संयोजक चित्रकूट द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन सह संयोजक झांसी अंचल बद्री प्रसाद त्रिपाठी द्वारा किया गया। श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ की आरती अतिथियों द्वारा की गई। संगीतमय श्रीमद्भागवत का शुभारंभ करते हुए वृन्दावन धाम से पधारीं कथा वाचिका साधना श्रीजी (देवी महेश्वरी) ने भागवत के महात्म्य की चर्चा करते हुए कहा कि जब कई जन्मों के पुण्यों का उदय होता है तभी सत्संग सुनने का अवसर प्रदान होता है। यह देव दुर्लभ कथा है, जिसको सुनने के लिए देवता भी लालायित रहते है, उन्हें भी सत्संग सुनने के लिए धरा धाम पर आना पड़ता है। कथा व्यास ने कहा कि ईश्वर सच्चिदानंद स्वरूप है। ऐसे सत्य चित्त एवं आनंद स्वरूप परमात्मा की जो शरण ग्रहण कर लेता है, उसके जीवन के समस्त ताप नष्ट हो जाते है। संसार का प्राणी दैहिक दैविक एवं भौतिक तापों से ग्रस्त है।यह संसार दुखालय है। सुख केवल परमात्मा की शरण मे जाने से ही प्राप्त होगा, इसलिए उस परमात्मा की शरण ग्रहण करें, जिससे जीवन मे आनंद की प्राप्ति हो। भागवत कथा के यजमान संध्या जितेन्द्र सिंह परिहार रहे। इस अवसर पर मृगेंद्र सिंह कैरोखर, हरिसेवक तिवारी, अवधेश प्रताप सिंह चौहान, मूरतध्वज सिंह बरगांय, लाखन सिंह अस्ता, सुखदेव सिंह दीपू अस्ता, पंकज सिंह परमार, अभय प्रताप सिंह छोटू अस्ता, राजू कछवाह धनौरा, चन्द्रभान सिंह ब्लाक प्रमुख बामौर, राजू सेंगर, पवन स्वामी, खन्ना त्रिपाठी, गोविन्द प्रताप सिंह, जनक सिंह चौहान, रामजी अग्रवाल, संदीप सिंह, रामजी परिहार, मोहनीश अग्रवाल, सत्य प्रकाश तिवारी, योगेश प्रताप सिंह चौहान, सुयश प्रताप सिंह चौहान, गोल्डी चंदेल, सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# शाहाबाद के बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय में भ्रष्टाचार के आरोप

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद, हरदोई। शाहाबाद प्रखंड स्थित बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) कार्यालय इन दिनों भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों को लेकर चर्चा में है। आरोप है कि कार्यालय में वर्षों से भ्रष्टाचार खुलेआम पनप रहा है और इसकी जानकारी होने के बावजूद सीडीपीओ की चुप्पी संदेह के घेरे में है। सूत्रों के अनुसार, आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़े कई कार्यों—जैसे पोषाहार वितरण, मानदेय भुगतान और अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन—में अनियमितताएं लगातार सामने आ रही हैं। आरोप है कि इन कार्यों में बिना लेन-देन के कोई काम नहीं होता, जिससे सरकार की योजनाएं कागजों तक सिमट कर रह जा रही हैं। स्थानीय लोगों और आंगनबाड़ी कर्मियों का कहना है कि कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार से ईमानदार कर्मचारियों का मनोबल टूट रहा है, वहीं जरूरतमंद लाभार्थी योजनाओं का लाभ पाने से वंचित रह जा रहे हैं। कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी, जिससे अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि जब कार्यालय में भ्रष्टाचार खुले तौर पर फल-फूल रहा है, तो सीडीपीओ की जिम्मेदारी क्या बनती है क्या यह सब उनकी जानकारी के बिना हो रहा है, या फिर उनकी मौन स्वीकृति से यह खेल जारी है यदि जांच होती है, तो कई चौंकाने वाले खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकताओं ने मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो सरकार की मंशा पर भी सवाल उठेंगे और गरीब महिलाओं व बच्चों के हितों से जुड़ी योजनाएं पूरी तरह प्रभावित होंगी। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन और संबंधित विभाग इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और शाहाबाद सीडीपीओ कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर कब तक लगाम लगाई जाती है।

# कूका विद्रोह के सूत्रधार रामसिंह कूका की मनाई जयंती



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर। देशभक्तों की देश के प्रति भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने कूका विद्रोह के सूत्रधार रामसिंह कूका की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि रामसिंह वास्तव में मातृभूमि के सच्चे देशभक्त थे। इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इनका जन्म पंजाब के लुधियाना भैणी गांव में 3 फरवरी 1816 को जस्सा सिंह और सदा कौर के घर हुआ था। ये प्रारम्भ से ही देशसेवी सोच के थे। इन्होंने बहुत पहले असहयोग आंदोलन को चलाया था। विदेशी वस्त्रों का बहिष्कार तथा स्वदेशी के अपनाने जैसे कई कार्यक्रमों का अभियान गांधी जी से पहले ही चला रखे थे। कालांतर में इनका 1885 में निधन हो गया था। इस कार्यक्रम में सिद्धा, प्रेम, सागर, प्रिन्स, रिचा, महावीर प्रजापति, पंकज सिंह, रामनरायन सोनकर, विकास, सतेन्द्र, राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

# राष्ट्रीय और राज्य महिला आयोग की सदस्याओं ने की महिला जनसुनवाई

**महिला जनसुनवाई में संबंधित अधिकारीयों के ना मिलने पर दोनों सदस्याओं ने जताई नाराजगी**

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी व उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता ने महिला उत्पीड़न से संबंधित घटनाओं को लेकर अधिकारियों से समीक्षा की। वहीं महिला जनसुनवाई के दौरान अपनी अपनी शिकायत को लेकर पहुंची महिलाओं की फरियाद भी सुनी और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए।महिला जनसुनवाई के दौरान संबंधित अधिकारी मौके पर ना मिलने से दोनों सदस्याएं झुलझूला उठीं, उन्होंने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारीयों को मौके पर बुलाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के अलग-अलग क्षेत्र की लगभग 50 महिलाओं ने अपनी-अपनी फरियाद सुनाई। दोनों सदस्याओं ने सुनवाई कर संबंधित पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों से समस्याओं का जल्द निस्तारण करने को कहा।वहीं दोनों सदस्यों ने कहा कि पुराने मामलों की सुनवाई के लिए आगे अगली तारीख तय की जाएगी। जिसमें उन मामलों को सुना जाएगा और उनकी समीक्षा की जाएगी।राष्ट्रीय महिला आयोग के सदस्य ममता कुमारी ने बताया कि महिला उत्पीड़न से संबंधित पूरे भारत में जो केस है वह यहां भी हैं। इन्होंने बताया कि घरेलू हिंसा, दहेज हत्या व साइबर क्राइम आदि से संबंधित मामले आज यहां पर आए थे जिनकी सुनवाई की गई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अच्छी शिक्षा मिल सके व सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिल सके।

# हरदोई में दर्दनाक सड़क हादसा: हाईवे पर कंटेनर से टकराई तेज रफ्तार बस, चालक की मौत, 9 यात्री घायल



अमन लेखनी समाचार

हरदोई जिले के कोतवाली कछौना क्षेत्र अंतर्गत हरदोईझलखनऊ हाईवे पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। कटियामऊ गांव के पास हरदोई से लखनऊ जा रही एक तेज रफ्तार निजी बस ने एक कंटेनर में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भयावह थी कि बस अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे खाई में जा गिरी,जिससे मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के समय बस अत्यधिक गति में थी।इसी दौरान मल्हपुर रेलवे क्रॉसिंग की ओर से आ रहा कंटेनर जैसे ही लखनऊ की दिशा में मुड़ा, बस चालक नियंत्रण खो बैठा और यह दुर्घटना हो गई।हादसे के वक्त बस में 30 से 35 सवारियां थी, स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।हादसे के बाद बस चालक केबिन में फंस गया।पुलिस ने बस की बॉडी काटकर चालक को बाहर निकाला, लेकिन डॉक्टरों ने राजू उर्फ गोपाल ( 45 ) पुत्र रामपाल शर्मा, निवासी जूरा सुरसा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डीएम के जनता दरबार में पहुंचे दिव्यांग फरयादी को तत्काल दिलाई ट्राई साईकिल

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर।जिलाधिकारी घनश्याम मीना मंगलवार को जनसुनवाई के समय एक-एक करके लोगों की समस्याओं को सुन रहें थे तभी एक दिव्यांग फरयादी के घसीटकर जनसुवाई में आने की सूचना पाकर डीएम तत्काल अर्दली को व्हीलचेयर लेकर भेजा। जिसके बाद डीएम ने दिव्यांग व्यक्ति के ट्राईसाइकिल की मांग का अवलोकन कर उसे ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई।इस दौरान डीएम ने ठंड से बचाव के लिए कंबल भी वितरित किया। जनसुनवाई में लगभग 92 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल व जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया।जनसुनवाई के दौरान एक दिव्यांग व्यक्ति के घसीटकर जनता दरबार में आने की सूचना मिलते ही डीएम घनश्याम मीना ने अर्दली को वहीलचेयर लेकर भेजा।सरीला तहसील के गोहाण्ड कस्बा निवासी दिव्यांग मंगल सिंह पुत्र ब्रह्मा ने जनता दरबार में बताया कि वह बीते सोमवार की रात हमीरपुर बस स्टैंड में रुका रहा है मंगलवार की सुबह वह ट्राई साईकिल की मांग को लेकर जनता दरबार में आ रहा था। डीएम ने मानवता की मिशाल पेश करते हुए दिव्यांग की मांग का अवलोकन कर तत्काल उसे ट्राई साईकिल उपलब्ध करा दी। ट्राई साईकिल मिलते दिव्यांग फरयादी का खुशी से चेहरा खिल उठा।

# हरदोई में भीम आर्मी का सड़क पर शक्ति प्रदर्शन,पुलिस से धक्का-मुक्की,35 नामजद और 90 अज्ञात पर दर्ज हुआ मुकदमा...

**हरदोई में पिहानी थाना क्षेत्र के इटारा गांव में सोशल मीडिया पर डॉ. भीमराव आंबेडकर को लेकर की गई कथित#हरदोई में भीम आर्मी का सड़क पर शक्ति प्रदर्शन,पुलिस से धक्का-मुक्की,35 नामजद और 90 अज्ञात पर दर्ज हुआ मुकदमा...**

अमन लेखनी समाचार

हरदोई में पिहानी थाना क्षेत्र के इटारा गांव में सोशल मीडिया पर डॉ. भीमराव आंबेडकर को लेकर की गई कथित अभद्र टिप्पणी ने सोमवार को पूरे इलाके को हिला कर रख दिया।विरोध के नाम पर भीम आर्मी के कार्यकताओं ने कानून को ताक पर रखकर आंबेडकर प्रतिमा के सामने इटारा-करावा रोड पर कब्जा जमा लिया और करीब दो घंटे तक सड़कों को जाम कर दिया।नतीजतन दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें,स्कूली बच्चों की पढ़ाई बाधित,मरीज फंसे और आमजन बेहाल हो गए... भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तहसील अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार गौतम के नेतृत्व में जुटी भीड़ ने जमकर नारेबाजी की और प्रशासन को खुली चुनौती दी। सूचना मिलते ही पिहानी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खुलवाने की कोशिश की,लेकिन प्रदर्शनकारी और उग्र हो गए।आरोप है कि पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की कर सरकारी काम में सीधी बाधा डाली गई, जिससे मौके पर तनाव फैल गया।हालात बेकाबू होते देख अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया और पूरे घटनाक्रम की वीडियोग्राफी कराई गई... प्रशासन ने आखिरकार सख्ती दिखाते हुए 35 नामजद और 90 अज्ञात लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने और कानून व्यवस्था भंग करने के आरोप में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।पुलिस ने दो टूक कहा है कि सड़क जाम कर अराजकता फैलाने और कानून हाथ में लेने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा... अभद्र टिप्पणी ने सोमवार को पूरे इलाके को हिला कर रख दिया।विरोध के नाम पर भीम आर्मी के कार्यकताओं ने कानून को ताक पर रखकर आंबेडकर प्रतिमा के सामने इटारा-करावा रोड पर कब्जा जमा लिया और करीब दो घंटे तक सड़कों को जाम कर दिया।नतीजतन दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें,स्कूली बच्चों की पढ़ाई बाधित,मरीज फंसे और आमजन बेहाल हो गए... भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तहसील अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार गौतम के नेतृत्व में जुटी भीड़ ने जमकर नारेबाजी की और प्रशासन को खुली चुनौती दी। सूचना मिलते ही पिहानी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खुलवाने की कोशिश की,लेकिन प्रदर्शनकारी और उग्र हो गए।आरोप है कि पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की कर सरकारी काम में सीधी बाधा डाली गई, जिससे मौके पर तनाव फैल गया।हालात बेकाबू होते देख अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया और पूरे घटनाक्रम की वीडियोग्राफी कराई गई... प्रशासन ने आखिरकार सख्ती दिखाते हुए 35 नामजद और 90 अज्ञात लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने और कानून व्यवस्था भंग करने के आरोप में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।पुलिस ने दो टूक कहा है कि सड़क जाम कर अराजकता फैलाने और कानून हाथ में लेने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा ।

# प्रसव पीड़ा से तड़पती रही प्रसूता, न डॉक्टर आए न मिली सहानुभूति, मेडिकल कॉलेज बदहाल

**रेलवेगंज के पीड़ित परिवार ने राजकीय मेडिकल कॉलेज पर लगाए गंभीर आरोप**

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को 'हाईटेक' बनाने के दावों की हवा शहर के ही राजकीय मेडिकल कॉलेज में निकलती दिखाई दे रही है। शहर कोतवाली क्षेत्र के रेलवेगंज निवासी पुलकित शर्मा की पत्नी जब असहनीय प्रसव पीड़ा के बीच अस्पताल पहुंचीं, तो उन्हें इलाज के बजाय डॉक्टरों की लापरवाही और स्टाफ की बदतमीजी का सामना करना पड़ा। सिस्टम की इस संवेदनहीनता के कारण पीड़ित परिवार अपनी पत्नी को तड़पता हुआ निजी अस्पताल ले जाने को मजबूर हो गया।पीड़ित पुलकित शर्मा के अनुसार, वह सुबह 8:45 बजे अपनी पत्नी को लेकर राजकीय महिला अस्पताल पहुंचे थे। महिला की हालत नाजुक थी और उसे तत्काल विशेषज्ञ डॉक्टर की जरूरत थी। स्टाफ ने खानापूर्ति तो की, लेकिन ड्यूटी पर तैनात डॉ. मधुलिका शुक्ला अस्पताल से नदारद थीं। आरोप है कि बार-बार फोन किए जाने के बावजूद वह सुबह 10 बजे तक नहीं पहुंचीं। यही नहीं, जूनियर डॉक्टरों ने भी मौके पर आना मुनासिब नहीं समझा, जबकि उनकी ड्यूटी का समय सुबह 9 बजे से ही निर्धारित था।परिजनों का आरोप है कि जब उन्होंने डॉक्टर की अनुपस्थिति पर सवाल उठाए, तो अस्पताल के कर्मचारियों ने सहानुभूति दिखाने के बजाय अमर्यादित व्यवहार किया। पीड़ा से कराह रही महिला और परेशान परिजनों से बदसलूकी की गई। हारकर परिजनों ने व्यवस्था से भरोसा खो दिया और मरीज की जान बचाने के लिए उसे वहां से ले जाना ही बेहतर समझा।हर बार की तरह इस बार भी मामला आलाधिकारियों तक पहुँचने पर जांच की बात कही गई है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जे.बी. गोगोई ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच का आश्वासन दिया है। लेकिन सवाल यह है कि क्या ये जांच केवल कागजों तक सीमित रहेगी या ड्यूटी से नदारद रहने वाले डॉक्टरों पर कोई ठोस कार्रवाई होगी जबकि पीड़ित पुलकित शर्मा कहते हैं कि जब सबसे सुरक्षित जगह अस्पताल में ही मरीज सुरक्षित न महसूस करे, तो आम आदमी कहाँ जाए डॉक्टरों की यह मनमानी किसी की जान पर भारी पड़ सकती थी।

### श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर। क्षेत्र के इंगोहटा गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत पुराण कथा के पांचवें दिन श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की मनोहारी बाल लीलाओं और गोवर्धन पर्वत पूजन की कथाओं को सुनकर भावविभोर हो उठे। कथा व्यास रामबाबू त्रिपाठी ने गोवर्धन पूजा के प्रसंग का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र का मान मर्दन कर प्रकृति पूजा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा हमें प्रकृति संरक्षण और संवर्धन की प्रेरणा देती है। धरा, जल और वृक्षों के बिना जीवन संभव नहीं है, इसलिए इनका सम्मान और रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। कथा व्यास ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को जीवन जीने की कला बताते हुए कहा कि ईश्वर सरल, निष्कपट और अहंकार शून्य हृदय में ही वास करते हैं।

# संडीला का 'विकास',अब मंदिर जाने के लिए श्रद्धालुओं को करना होगा 'गंदा' शक्ति-परीक्षण!

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। अगर आप उत्तर प्रदेश के संडीला में हैं और आपको लगता है कि 'ट्रिपल इंजन' की सरकार सिर्फ कागजों पर दौड़ रही है, तो आप गलत हैं। संडीला की पुरानी गल्ला मंडी के पास यह विकास साक्षात जमीन पर और जमीन के ऊपर बहते पानी में तैरता हुआ नजर आ रहा है। यहाँ भाजपा का 'तीसरा इंजन' यानी नगर पालिका, विकास की ऐसी गंगा बहा रहा है कि भक्तों को मंदिर जाने से पहले 'कीचड़-स्नान' की अनिवार्य सुविधा मुफ्त मिल रही है।पिछले पांच महीनों से गल्ला मंडी के पास स्थित हनुमान जी और खाटू श्याम मंदिर के सामने का नजारा किसी वाटर पार्क से कम नहीं है। फर्क सिर्फ इतना है कि यहाँ का पानी 'मिनरल वाटर' नहीं, बल्कि नालियों का वह पवित्र अर्क है जिसे स्थानीय प्रशासन ने जनता की सेवा में खुला छोड़ दिया है। हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष अनुराग शुक्ला ने जब इस 'अद्भुत' दृश्य की तस्वीरें साझा कीं, तो लोगों को समझ आया कि सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति दरअसल गंदगी को हटाने के प्रति नहीं, बल्कि शायद उसे सहेजने के प्रति है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सुबह-सुबह जब माताएं-बहनें पूजा की थाली लेकर मंदिर निकलती हैं, तो उन्हें अपनी आस्था के साथ- संतुलन का भी परिचय देना पड़ता है। आरोप है किइंजन तो तीन हैं, पर पटरी गायब है,नगर पालिका क्षेत्र होने के बावजूद मूलभूत सुविधाएं 'कमीशन' की भेंट चढ़ गई हैं।स्थानीय नागरिक अनुराग शुक्ला का सीधा आरोप है कि भाजपा के नेता विकास के नाम पर कमीशन लेने में इतने व्यस्त हैं कि उन्हें सड़क पर बहता गंदा पानी 'पवित्र जल' नजर आने लगा है। गंदे पानी के बीच से होकर मंदिर जाना श्रद्धालुओं के लिए किसी 'एडवेंचर स्पोर्ट' से कम नहीं रह गया है।मुख्यमंत्री से भी गुहार तो लगाई गई है, लेकिन संडीला की जनता अब यह समझने की कोशिश कर रही है कि यह 'ट्रिपल इंजन' सरकार है या फिर 'ट्रिपल टेंशन' की सौगात जब तक कमीशन का खेल चलेगा, तब तक संडीला की सड़कें शायद इसी तरह 'तरल' अवस्था में अपनी बदहाली की कहानी सुनाती रहेंगी।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# अनुराग कश्यप के हाथ लगी चिरंजीवी की फिल्म

मुंबई। साउथ के सुपरस्टार चिरंजीवी इन दिनों हालिया रिलीज फिल्म 'माना शंकरा वर प्रसाद गारू' की सफलता का जश्न मना रहे हैं जिसे दर्शकों के साथ-साथ सितारों ने भी सराहा है। इस सफलता के बीच अभिनेता ने अपनी अगली फिल्म भी तय कर ली है जिसका आधिकारिक ऐलान जल्द होगा। दावा किया गया है कि चिरंजीवी की इस फिल्म में बॉलीवुड निर्देशक अनुराग कश्यप भी शामिल होंगे। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि चिरजींवी अपनी अगली फिल्म के लिए निर्देशक बॉबी के साथ जुड़ रहे हैं जिसका आधिकारिक शुभारंभ फरवरी में होगा।

## लाइफ Style



# श्रद्धा
## दोबारा शुरू की 'ईथा' की शूटिंग

बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर अपनी आगामी फिल्म 'ईथा' को लेकर काफी समय से चर्चा में हैं। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी रही फिल्म में अभिनेत्री को तमाशा कलाकार विथाबाई नारायणगांवकर के किरदार में देखा जाएगा।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

निर्माताओं ने फिल्म पर काम 2025 से शुरू कर किया था, लेकिन नवंबर में श्रद्धा ने शूटिंग से दूरी बना ली थी। हालांकि, अब श्रद्धा सेट पर वापस आ चुकी हैं। उन्होंने मुंबई के मलाड स्थित मार्वे बीच पर शूटिंग शुरू कर दी है। एक सूत्र ने बताया, टीम ने मार्वे बीच पर एक गांव का सेट तैयार किया है। श्रद्धा के ठीक होने तक लक्ष्मण ने सेटों को वैसे ही रहने दिया। अब, उन्होंने एक डांस नंबर की शूटिंग शुरू की है, जिसमें श्रद्धा का किरदार मेले के बीच एक स्टेज पर परफॉर्म करता नजर आएगा। वैभवी मर्चेंट डांस नंबर की कोरियोग्राफी कर रही हैं। नवंबर, 2025 में शूटिंग करते वक्त श्रद्धा के पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया था। 1940 से 1990 के बीच घटित होने वाली 'ईथा' फिल्म पंढरपुर में जन्मी कलाकार नारायणगांवकर की बायोपिक होगी जिसमें उनकी लोकप्रियता के शुरुआती अनुभव और उनकी आर्थिक तंगी के सफर को दिखाया जाएगा। इस समय नारायणगांवकर के 40 साल के दृश्यों की शूटिंग चल रही है जो फरवरी में पूरी होगी। इसके बाद, अभिनेत्री उन दृश्यों की शूटिंग करेंगी जिसमें 20 से 30 साल की उम्र वाले दृश्य शामिल हैं। इस चरण को अप्रैल तक पूरा करने का लक्ष्य है।

## हॉलीवुड मसाला



# फास्ट एंड फ्यूरियस 11 को मिला नाम

लॉस एंजेलिस। रफ्तार और एक्शन से सजी दुनिया की सबसे बड़ी एक्शन फ्रेंचाइजी 'फास्ट एंड फ्यूरियस' के आखिरी अध्याय का आधिकारिक ऐलान हो गया है। सीरीज के मुख्य अभिनेता विन डीजल ने अपनी अगली फिल्म के नाम और रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है। फ्रेंचाइजी की 11वीं फिल्म न केवल पुरानी यादों को ताजा करेगी, बल्कि अभिनेता पॉल वॉकर की विरासत को भी सलाम करेगी। फ्रेंचाइजी के निर्माता और मुख्य अभिनेता विन डीजल ने इंस्टाग्राम पर ऐलान किया कि 'फास्ट फॉरएवर' 17 मार्च, 2028 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# नई फिल्म 'वुदरिंग हाइट्स' के बोल्ड सीन को लेकर क्या बोलीं

लॉस एंजेलिस। मार्गोट रॉबी की नई फिल्म 'वुदरिंग हाइट्स' चर्चा में है। यह फिल्म एमिली ब्रोंटे के क्लासिक उपन्यास पर आधारित है। फिल्म में मार्गोट रॉबी और जैकब एलोर्डी की जोड़ी दिख रही है। फिल्म का निर्देशन एमराल्ड फेनेल ने किया है। ट्रेलर रिलीज के बाद से ही फिल्म के बोल्ड दृश्यों पर बहस हो रही है। रॉबी ने लॉस एंजेलिस में हुए फिल्म प्रीमियर के दौरान कहा कि इंटिमेट सीन की शूटिंग अन्य दृश्यों जैसी ही थी। इसके लिए उन्होंने कोई विशेष तैयारी नहीं की थी। मार्गोट रॉबी ने कहा कि यह फिल्म सभी से भावनात्मक रूप से बहुत कुछ मांगती है। उनके किरदार को हर सीन में रोना पड़ता है पर उन्हें यह भूमिका निभाना बहुत पसंद आया। एक ही पल में भावनाओं का बदलना उन्हें चुनौतीपूर्ण लगा। फिल्म 'वुदरिंग हाइट्स' 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह तारीख वैलेंटाइन्स डे के सप्ताह के साथ मेल खाती है।



# साई की एक्टिंग पर फिदा हुए दर्शक

मुंबई। एक बिल्कुल जादुई, सौम्य और क्लासिक प्रेम कहानी को दर्शाते हुए, आमिर खान प्रोडक्शंस की फिल्म एक दिन का टीज़र जारी कर दिया गया है। इस फिल्म में साई पल्लवी और जुनैद खान की प्यारी, सहज और नई जोड़ी नजर आ रही है। टीज़र इस खूबसूरत प्रेम कथा की मनमोहक झलकियों से भरा हुआ है, जो दर्शकों के लिए किसी खास तोहफे से कम नहीं है। खास बात यह है कि इसी फिल्म के जरिए साई पल्लवी हिंदी सिनेमा में अपना डेब्यू कर रही हैं और पहली ही झलक में दर्शकों का दिल जीत रही हैं। बता दें कि जैसे ही एक दिन का टीज़र रिलीज़ हुआ, सोशल मीडिया पर साई पल्लवी के बॉलीवुड डेब्यू को लेकर दर्शकों ने जमकर प्यार बरसाना शुरू कर दिया। साई पल्लवी देश की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक हैं।



# रानी पहुंची सिद्धिविनायक बप्पा के किए दर्शन

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी की क्राइम-थ्रिलर फिल्म 'मर्दानी 3' का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। दर्शकों को अपराध की दुनिया से रूबरू कराने के लिए यह फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। सोशल मीडिया पर इसे फिल्म समीक्षकों और दर्शकों की भर-भरकर तारीफें मिल रही हैं। इस बीच, रानी ने मुंबई के प्रिसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में जाकर हाजिरी लगाई है। यहा उन्होंने फिल्म की सफलता के लिए गणपति बप्पा का आशीर्वाद लिया और पूजा-अर्चना की। भाई राम मुखर्जी के साथ मंदिर पहुंची रानी सोशल मीडिया पर मौजूद वीडियो में रानी सिद्धिविनायक मंदिर में जाती नजर आईं। उन्होंने क्रीम रंग का साधारण का सूट पहन रखा है और अपने सिर को दुपट्टे से ढक रखा है। उनके साथ भाई राम मुखर्जी भी मौजूद रहे।

## टीवी मसाला




# 'द 50' के मेकर्स का धमाका: घर बैठे बिठाए जीतें 50 लाख रुपए

मुंबई। बिग बॉस खत्म होने के बाद भी दर्शकों को बोर होने का एक पल भी नहीं मिलेगा। जियो हॉटस्टार और कलर्स जल्द ही अपने नए रियलिटी शो 'द 50' के साथ वापस आ रहे हैं। इस शो में 15 या 16 नहीं, बल्कि पूरे 50 सेलिब्रिटी एक ही हवेली में साथ रहेंगे। इस शो को लेकर फैंस के लिए कुछ रोमांचक खबर है जो उन्हें खुशी से झूमने पर मजबूर कर देगी। सिर्फ स्टार्स ही नहीं, बल्कि फैंस को भी 50 लाख रुपये जीतने का मौका मिलेगा। ये है मोहब्बतें' के रमन भल्ला के नाम से मशहूर करण पटेल ने वीडियो में विस्तार से बताया है कि फैंस को 50 लाख रुपये जीतने का मौका कैसे मिल सकता है। वीडियो में लव कटारिया से लेकर फैजू और मनीषा रानी तक, सभी कहते हैं, मैं 'द लायन' की हवेली में जा रहा हूँ, कुल 50 सेलिब्रिटी हैं। करण पटेल के वीडियो से यह साफ है कि जो भी जीतेगा, उसके फैंस को 50 लाख रुपये मिलेंगे।

*आज से शुरू हो रहा शो :* रियलिटी शो द 50 1 फरवरी से, यानी आज से तीन दिन बाद, रात 9 बजे जियो हॉटस्टार पर और रात 10:30 बजे कलर्स पर प्रसारित होगा। शो में कुल 50 सेलिब्रिटी हिस्सा लेंगे, जिनमें रिद्धि डोगरा, उर्वशी ढोलकिया, दिग्विजय राठी, फैसल शेख, दिव्या अग्रवाल, प्रिंस नरूला, युविका चौधरी, शिव ठाकरे, रजत दलाल, निक्की तंबोली, अरबाज पटेल, मोनालिसा, विक्रांत सिंह राजपूत, शाइनी दोशी, डिनो जेम्स, लवकेश कटारिया, कृष्णा श्रॉफ और अर्चना गौतम शामिल हैं।

# शादी पर बोलीं बबीता जी होना होगी तो हो जाएगी



तारक मेहता का उल्टा चश्मा फैंस के बीच एक पसंदीदा शो है। इस शो ने कई चेहरों को पॉपुलर बनाया है, और मुनमुन दत्ता उनमें से एक हैं। मुनमुन शो में बबीता जी का किरदार निभाकर घर-घर में मशहूर हो गई हैं। मुनमुन अक्सर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहती हैं, लेकिन वह अफवाहों पर कम ही रिएक्ट करती हैं। पहली बार मुनमुन ने अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में कई बातें शेयर की हैं। रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में मुनमुन दत्ता से जब पूछा गया कि क्या वह शादी करना चाहती हैं, तो उन्होंने कहा, मुझे प्यार पसंद है लेकिन मुझे अभी यह साफ नहीं है कि मैं शादी करना चाहती हूं या नहीं। अगर यह मेरी किस्मत में होगा, तो हो जाएगा। मैं उस तरह की लड़की नहीं हूं जो शादी के पीछे भागती है।

# 'चांद मेरा दिल' में इश्क लड़ाएंगे लक्ष्य और अनन्या



मुंबई। बॉलीवुड में एक बार फिर रूहानी और म्यूजिकल रोमांस का दौर लौटने वाला है। धर्मा प्रोडक्शंस ने अपनी अगली बड़ी फिल्म 'चांद मेरा दिल' की रिलीज तारीख का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। फिल्म 'किल' से अपनी जबरदस्त पहचान बनाने वाले अभिनेता लक्ष्य लालवानी और अनन्या पांडे पहली बार पर्दे पर एक-दूसरे के साथ इश्क लड़ाते नजर आएंगे। विवेक सोनी के निर्देशन में बन रही ये लव स्टोरी दर्शकों के बीच कब आ रही है, आइए जानते हैं।

*सिनेमाघरों में आ रही 8 मई को :* धर्मा प्रोडक्शंस बड़े पर्दे पर प्यार की एक ऐसी दास्तां ला रहा है, जिसे सिर्फ देखा नहीं, बल्कि महसूस किया जा सकेगा। निर्माताओं ने ऐलान कर दिया है कि अनन्या और लक्ष्य अभिनीत 'चांद मेरा दिल' 8 मई, 2026 को सिनेमाघरों में आएगी। इन लव स्टोरी में संगीत कहानी की रूह बनकर उभरेगा। एक भव्य रोमांटिक अनुभव के रूप में पेश की जा रही ये फिल्म दर्शकों को जज्बातों के एक गहरे सफर पर ले जाने का वादा करती है।

### *पिछले साल आने वाली थी यह फिल्म*

*ये फिल्म अक्षय कुमार और सिद्धार्थ मल्होत्रा जैसे सितारों की फिल्मों से ठीक 1 हफ्ते पहले रिलीज हो रही है। एक ओर अक्षय 15 मई को फिल्म 'भूत बंगला' लेकर आ रहे हैं और इसी दिन सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म 'वन: फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' पर्दे पर आ रही है। पहले 'चांद मेरा दिल' पिछले साल रिलीज होने वाली थी। फिर इसे टालकर 10 अप्रैल 2026 किया गया। अब आखिरकार निर्माताओं ने 8 मई, 2026 की तारीख तय की है।*

# 'भूत पुलिस 2' के लिए निर्देशक प्रियदर्शन ने वसूली मोटी फीस, इस बार दिखेंगे नए चेहरे

मुंबई। सैफ अली खान, अर्जुन कपूर, जैकलीन फर्नांडिस और यामी गौतम की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत पुलिस' 2021 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन पवन कृपलानी ने किया था जिसे लोगों ने ठीक-ठाक प्रतिक्रिया दी। अब इस फिल्म का सीक्वल चर्चा में है जिसके निर्देशन की जिम्मेदारी प्रियदर्शन ने उठाई है। उन्हें 'हेरा फेरी' और 'भूल भुलैया' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। बताया जाता है कि 'भूत पुलिस 2' के लिए के लिए प्रियदर्शन ने मोटी फीस वसूली है।



*'भूत पुलिस 2' पर काम शुरू, प्रियदर्शन की फीस का खुलासा :* मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 'भूत पुलिस 2' पर आधिकारिक तौर पर काम शुरू कर दिया गया है। इसके निर्देशन के लिए प्रियदर्शन को चुना गया है। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि प्रियदर्शन इस सीक्वल का निर्देशन करने के लिए 21 करोड़ रुपये फीस ले रहे हैं। सूत्र ने आगे बताया कि पहली किस्त की तरह सीक्वल भी हॉरर-कॉमेडी जॉनर को बरकरार रखेगा लेकिन कास्टिंग में बड़ा बदलाव होगा। सैफ और अर्जुन की बजाए नई जोड़ी पर दांव लगेगा।

**2026 के आखिर में शुरू हो सकती है शूटिंग :** सूत्र ने आगे कहा, विचार यह है कि एक नई जोड़ी के साथ इस फ्रेंचाइज को नया रूप दिया जाए। निर्माता 2 अभिनेताओं पर विचार कर रहे हैं। फिल्म की कास्टिंग प्रक्रिया और प्री-प्रोडक्शन का काम पूरा होने के बाद, शूटिंग इस साल के आखिर तक शुरू होने की उम्मीद है। प्रियदर्शन सीक्वल को बड़े पैमाने पर बनाने की योजना बना रहे हैं। फिलहाल, प्रियदर्शन आगामी फिल्म 'हैवान' में व्यस्त हैं जिसमें अक्षय कुमार और सैफ अली नजर आएंगे।

## डिजिटल रिलीज के लिए फिल्म में कोई अलग से कांट-छांट नहीं हुई

# 'धुरंधर' के ओटीटी वर्जन पर मचा बवाल, निर्माताओं ने किया बदलाव से इनकार

मुंबई। बॉक्स ऑफिस पर 1,000 करोड़ की रिकॉर्डतोड़ कमाई करने के बाद रणवीर सिंह अभिनीत 'धुरंधर' नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है, लेकिन इसके साथ ही एक नया विवाद खड़ा हो गया है। सोशल मीडिया पर फैंस का दावा है कि फिल्म का ओटीटी वर्जन थिएटर वर्जन से करीब 9 मिनट छोटा है, जिसके बाद इंटरनेट पर फिल्म में कांट-छांट को लेकर हंगामा मच गया। हालांकि, अब फिल्म के निर्माताओं ने इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है।

### 9 मिनट कम रनटाइम से मचा बवाल

निर्माताओं के मुताबिक, फिल्म को बिना किसी कट के प्रस्तावित किया गया था, जिससे ओटीटी वर्जन में कांट-छांट को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। सूत्र ने आगे बताया कि प्रोडक्शन टीम ने नेटफ्लिक्स के आदेश और आवश्यकताओं के अनुसार ही काम किया है।

दरअसल, कुछ दर्शकों ने दावा किया था कि नेटफ्लिक्स पर 'धुरंधर' का रनटाइम 3 घंटे 25 मिनट है, जो इसके मूल सिनेमाई रनटाइम (3 घंटे 34



### सोशल मीडिया पर भड़का था फैंस का गुस्सा

लगभग 9-10 मिनट की इस कटौती और गाली वाले डायलॉग्स पर कैंची चलने से फैंस भड़क गए थे। सोशल मीडिया पर लोग अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कह रहे हैं कि 18+ प्लेटफॉर्म होने के बावजूद फिल्म को सेंसर करने का कोई तुक नहीं है। फैंस के बढ़ते गुस्से और अटकलों को देखते हुए आखिरकार निर्माताओं को सामने आकर सफाई देनी पड़ी। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि डिजिटल रिलीज के लिए फिल्म में कोई अलग से कांट-छांट नहीं हुई है।

### नेटफ्लिक्स को बिना किसी कट के सौंपी गई 'धुरंधर'- निर्माता

सूत्रों के मुताबिक, फिल्म से जुड़े सूत्रों ने विशेष रूप से पुष्टि की है कि निर्माताओं ने नेटफ्लिक्स को जो वर्जन सौंपा है, उसमें कोई भी कांट-छांट नहीं की गई है। सूत्रों का कहना है कि 'धुरंधर' के निर्माताओं ने नेटफ्लिक्स रिलीज के लिए बिना किसी कट या एडिट के फिल्म पेश की की है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया गया ये वर्जन नेटफ्लिक्स की सभी शर्तों और अनिवार्यताओं का पूरी तरह से पालन करता है।

### 'धुरंधर' में देशभक्ति का तड़का

बता दें कि एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर' में रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना मुख्य भूमिकाओं में हैं। उनके साथ आर माधवन, अर्जुन रामपाल और संजय दत्त जैसे बड़े सितारे भी नजर आए हैं। इसका निर्देशन आदित्य धर ने किया है। फिल्म की कहानी सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक बड़े जासूसी मिशन पर आधारित है। इसमें भारतीय खुफिया एजेंसी के जांबाज अधिकारियों की वीरता को दिखाया गया है, जो देश की सुरक्षा के लिए एक अंतरराष्ट्रीय साजिश को नाकाम करते हैं।